दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
WWW.NAVPRADESH.COM

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, शुक्रवार, 9 जनवरी 2026 शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 321 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ईवीएम के जरिए वोट चोरी का आरोप लगाते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जो कथित बम फोड़े थे उसे कर्नाटक की जनता ने चुटचुटी पटाखा साबित कर दिया। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार इसी ईवीएम से बनी थी। अब उसने ईवीएम पर सर्वे कराया तो कर्नाटक के 90 प्रतिशत लोगों ने ईवीएम पर भरोसा जताकर ईवीएम के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम की हवा निकाल दी। मतलब विपक्ष के वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे की वाट लग गई। इसीलिए सयाने कह गये हैं कि यदि खुद की सूरत अच्छी न हो तो आईने को दोष नहीं देते।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लकवाग्रस्त महिला के लिए तुरंत मंजूर हुए 5 लाख रुपए

जनदर्शन में सुनी आमजन की पीड़ा, मुख्यमंत्री ने मौके पर सुलझाई समस्याएँ

रायपुर/नवप्रदेश। लोकतंत्र में सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद ही सुशासन की वास्तविक कसौटी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 'जनदर्शन' के माध्यम से अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा सुनते हुए न केवल उसकी समस्या को समझ रहे हैं, बल्कि मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। लोगों की जरूरतों, मांगों और तकलीफों के प्रति यह संवेदनशील और त्वरित दृष्टिकोण यह स्पष्ट करता है कि संवेदनशीलता ही सुशासन के केंद्र में है। जब जन आकांक्षाओं को मुख्यमंत्री की सहृदयता से दिशा मिलती है, तब अंत्योदय की संकल्पना साकार होती है।

राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री के शासकीय निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री ने बैटरी चालित ट्राइसिकल किया प्रदान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान किया। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगजनों को बैटरी ट्राइसिकल प्रदान किए गए। जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जनदर्शन में पैरों से चलने में असमर्थ रायपुर शंकर नगर से बिन्दु बीरे उम्र 45 वर्ष बेट्री चालित ट्रायसायकल प्रदान किया। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण वे ट्रायसायकल नहीं खरीद पा रही थी। उनकी समस्या सुनते ही मुख्यमंत्री ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

नाबालिग शूटर से रेप, आरोपी नेशनल कोच सस्पेंड

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद की एक नाबालिग शूटर ने कोच पर रेप का आरोप लगाया है। शूटर का कहना है कि कोच ने उसकी परफॉर्मेंस पर बात करने के बहाने फरीदाबाद की फाइव स्टार होटल के रूम में बुलाकर उसके साथ रेप किया। इस घटना के बारे में किसी को बताने पर उसका करियर खत्म करने की भी धमकी दी। नाबालिग करीब 21 दिनों तक सदमे में रही। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। 6 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फरीदाबाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमेरिका 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से निकलेगा बाहर

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को आधिकारिक रूप से बाहर निकालने की घोषणा की है। द गार्डियन के मुताबिक इसमें 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं शामिल हैं। व्हाइट हाउस और स्टेट डिपार्टमेंट के अनुसार ये संगठन अमेरिकी हितों के खिलाफ हैं। इनमें पैसों की बर्बादी होती है। इसके अलावा ये गैरजरूरी या खराब तरीके से चलाए जा रहे हैं। इस कदम को ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट नीति का हिस्सा बताया जा रहा है, जो वैश्विक संस्थाओं से दूरी बनाने पर जोर देती है।

सबकी समस्या का निराकरण सरकार का संकल्प : योगी

गोरखपुर (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार का संकल्प है। योगी ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

ईडी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले के मामले में देश भर में मारे छापे

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुवार को देश भर में तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान एक संगठित गिरोह को निशाना बनाते हुए चलाया गया, जिसने फर्जी नौकरी का झांसा देकर लोगों को ठगा है। एक ईडी अधिकारी ने कहा, यह घोटाला शुरू में भारतीय रेलवे के नाम पर सामने आया था, लेकिन जांच में पता चला है कि इसमें वन विभाग, आरआरबी, भारतीय डाक, आयकर, उच्च न्यायालय, पीडब्ल्यूडी, बिहार सरकार, डीडीए और राजस्थान सचिवालय सहित 40 से ज़्यादा अन्य सरकारी संगठनों और विभागों के नाम पर धोखाधड़ी की गयी है।

रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को ट्रम्प की मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में वोटिंग

भारत, चीन और ब्राजील पर 500% टैरिफ वाले बिल को ट्रंप की हरी झंडी

वॉशिंगटन डीसी/वार्ता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500% तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी। यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025 है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लडऩे में मदद मिल रही है।

क्यों लाया एसआरए एक्ट

रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए जारी किए गए ट्रम्प के कार्यकारी आदेशों को इस एक्ट के जरिए कानून में बदला जाएगा। भविष्य में कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति अकेले फैसले से इन प्रतिबंधों को नहीं हटा सकता और न ही उनमें कटौती कर सकेगा। ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

एक झटके में 8 लाख करोड़ स्वाहा...

नई दिल्ली/ए.। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ी गिरावट आई है। सेंसेक्स और निफ्टी50 में लगातार चौथे दिन भी गिरावट जारी रही। सिर्फ 4 दिन के दौरान ही शेयर बाजार से 1600 से ज्यादा अंक टूट गए हैं। वहीं निफ्टी में भी 2 फीसदी तक की गिरावट आई यानी करीब 400 अंक निफ्टी टूटा है। 2 जनवरी को सेंसेक्स 85,762.01 पर बंद हुआ था और आज यानी 8 जनवरी को सेंसेक्स 84,180 पर क्लोज हुआ यानी करीब 1600 अंकों की गिरावट आई है। इसी तरह, निफ्टी 4 करोबारी दिनों के दौरान 400 अंक गिरकर 25876 पर बंद हुआ है।

गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 780 अंक या 0.92 प्रतिशत गिरकर 84,181 पर आ गया, जबकि एनएसई सेंसेक्स 264 अंक या 1.01 प्रतिशत गिरकर 25,877 पर बंद हुआ। बाजार बंद होने के समय बिकवाली का भी दबाव रहा, जिससे बीएसई ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

निवेशकों को तगड़ा नुकसान

बीएसई के मार्केट कैप के आधार पर निवेशकों की संपत्ति में पिछले सत्र के 479.94 लाख करोड़ रुपये से 8.11 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई और यह घटकर 471.82 लाख करोड़ रुपये रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, एयरटेल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील और टेक महिंद्रा जैसी दिग्गज कंपनियों के कारण बाजार सूचकांकों पर दबाव बना रहा।

टीएमसी आईटी सेल इंचार्ज के घर-ऑफिस पर ईडी के छापे

- कार्रवाई के बीच ममता फाइल उठाकर निकलीं; कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे

कोलकाता/वार्ता। इन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस में पॉलिटिकल कंसलटेंट फर्म आई-पीएसी के ऑफिस और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की। प्रतीक ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। पश्चिम बंगाल में कोलकाता समेत 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई। कोलकाता में प्रतीक छापेमारी के दौरान घर पर ही मौजूद रहे। ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

10 ठिकानों पर चल रही है छापेमारी

ईडी ने कहा- कुछ संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों ने दस्तावेज छीने ईडी ने कहा कि कोलकाता में आई-पीएसी कार्यालय पर छापे पूरी तरह सबूतों के आधार पर किए जा रहे हैं। यह किसी राजनीतिक दल या चुनाव से जुड़ा मामला नहीं है। यह कार्रवाई अवैध कोयला तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में हो रही है। फिलहाल 10 ठिकानों पर तलाशी जारी है। 6 पश्चिम बंगाल और 4 दिल्ली में। एजेंसी ने बताया कि जांच में कैश जनरेशन, हवाला ट्रांसफर से जुड़े परिसर शामिल हैं। किसी भी पार्टी कार्यालय की तलाशी नहीं ली गई।

स्टार्टअप और एआई उद्यमी भारत के भविष्य के सह निर्माता: मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि वे भारत के भविष्य के सह निर्माता हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि यह बैठक श्री मोदी के आवास पर हुई। बैठक में अगले महीने देश में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से पूर्व 'एआई फॉर ऑलः ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज' के लिए चयनित 12 भारतीय एआई स्टार्टअप ने भाग लिया तथा अपने विचारों के साथ प्रस्तुति दी। ये स्टार्टअप कई क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें भारतीय भाषा फाउंडेशन मॉडल, बहुभाषी एलएलएम, स्पीच-टू-टेक्स्ट, टेक्स्ट-टू-ऑडियो और टेक्स्ट-टू-वीडियो, ई-कॉमर्स, मार्केटिंग और वैयक्तिकृत सामग्री निर्माण के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करके 3डी सामग्री, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, सामग्री अनुसंधान और विभिन्न उद्योगों में डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए उन्नत एनालिटिक्स, स्वास्थ्य देखभाल निदान और चिकित्सा अनुसंधान आदि शामिल हैं। एआई स्टार्टअप ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने एआई क्षेत्र की तीव्र वृद्धि और अपार भविष्य की ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

जनगणना 2027-पहला फेज 1 अप्रैल से सितंबर के बीच होगा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किया जाएगा। इसकी शुरुआत घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा इक_ा करने से होगी। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे। एमएचए ने बुधवार को नोटिफिकेशन जारी कर बताया कि 1 अप्रैल से देशभर में सभी मकानों और परिवारों की लिस्ट बनाई जाएगी। साथ ही परिवारों की अन्य जानकारी भी इक_ी की जाएगी, ताकि जनसंख्या गिनने की मजबूत तैयारी हो सके। सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था, जो अब 2027 में पूरी होगी।

जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगीः सरकार ने बताया कि इस बार ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

झारखंड शराब घोटाला: नवीन केडिया को एसीबी की टीम ने गोवा से किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। झारखंड शराब घोटाले मामले में केडिया डिस्टलरी के संचालक नवीन केडिया को एसीबी की टीम ने गोवा से गिरफ्तार किया है। वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। झारखंड शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में एसीबी को नवीन केडिया की तलाश थी। मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड शराब घोटाले मामले में एसीबी को कारोबारी नवीन केडिया की तलाश थी। उन पर पहले से ही गिरफ्तारी वारंट जारी था। जिसके बाद से वे कई महीनों से फरार चल रहे थे। लंबी खोजबीन और तकनीकी निगरानी के बाद एसीबी की टीम ने गोवा में छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम नवीन केडिया को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची रवाना होगी। वहां उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा और आगे की पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की जा सकती है।

शराब घोटाले की अहम कड़ी माने जाते हैं नवीन केडिया

नवीन केडिया को झारखंड शराब घोटाले में एक अहम कड़ी माना जाता है। ऐसे में जांच एजेंसी को उम्मीद है कि उनकी गिरफ्तारी से घोटाले से जुड़े नेटवर्क, वित्तीय लेन-देन और अन्य प्रभावशाली लोगों की भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। एसीबी की इस कार्रवाई को घोटाले की जांच में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

गरमा-गरमा

ठंड का कहर
17 जिलों में शीतलहर की चेतावनी, लगातार बढ़ते जा रही ठंड, सावधानी बरतने की जरूरत

छत्तीसगढ़ में पांच जिलों में 10 जनवरी तक स्कूल बंद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सर्दी लगातार अपने चरम पर है। पहाड़ी और जंगल क्षेत्रों में तापमान रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है, जबकि मैदानों में भी कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। शीतलहर की चेतावनी के बीच कई जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

पांच जिलों में 10 जनवरी तक स्कूल बंदः कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन ने पांच जिलों में 10 जनवरी तक स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने 17 जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। राजधानी रायपुर सहित कई हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया है, जिससे सुबह-शाम ठिठुरन और बढ़ गई है वहीं दुर्गापुर रोड पर तापमान 7 डिग्री तक लुढ़क गया है। रायपुर, दुर्ग, महासमुंद और धमतरी में रात के तापमान में अचानक गिरावट आई है। सुबह धुंध की ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

अंबिकापुर-मैनपाट में पारा 1.5 डिग्री तक गिरा

प्रदेश के सबसे ठंडे इलाकों में शामिल अंबिकापुर और मैनपाट में तापमान 1.5एष्ट दर्ज किया गया है, जो इस सीजन का सबसे न्यूनतम स्तर है। पहाड़ी इलाकों में ओस की बूंदें जमकर बर्फ में तब्दील हो गईं। खेतों, सड़कों और घरों की छतों पर सफेद परत साफ दिखाई दी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटों में तापमान में और गिरावट हो सकती है, खासकर उत्तरी छत्तीसगढ़ के जिलों में।

ई-मेल से मचा हड़कंप

एमपी-छत्तीसगढ़ के चार कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

रायपुर/नवप्रदेश। एक ही दिन में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के चार जिला न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। छत्तीसगढ़ में दुर्ग, बिलासपुर और राजनांदगांव जिला न्यायालय, जबकि मध्यप्रदेश में रीवा जिला न्यायालय को धमकी भरा ई-मेल भेजा गया है। धमकी की सूचना मिलते ही तीनों न्यायालय परिसरों में अफरातफरी का माहौल बन गया। सुरक्षा को देखते हुए तत्काल सभी न्यायालय परिसरों को खाली कराया गया। न्यायालयों में मौजूद न्यायाधीश, अधिवक्ता, कर्मचारी और आम नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही संबंधित जिलों की पुलिस और बम निरोधक दस्ता (बॉम्ब स्क्वॉड) मौके पर पहुंच गया और पूरे परिसर की सघन तलाशी शुरू की गई। डॉग स्क्वॉड की मदद से भी जांच की जा रही है। फिलहाल किसी भी न्यायालय से संदिग्ध वस्तु मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

न्यूज गैलरी

जितेन्द्र चंद्राकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरियाबंद को दी गई स्थानांतरण होने पर ससम्मान विदाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला गरियाबंद में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर का जिला गरियाबंद से स्थानांतरण होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर की उपस्थिति में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को स्मरण किया गया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुधार, जनसंपर्क एवं पुलिस-जन समन्वय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नवीन पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दी गईं। विदाई के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए गरियाबंद जिले के प्रति अपने स्नेह को साझा किया गया।

नेशनल स्कूल गेम्स में 800 खिलाड़ी लेंगे भाग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिला मुख्यालय में 11 से 15 जनवरी तक नेशनल स्कूल गेम्स स्पर्धा का आयोजन संपन्न कराया जाना है जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। राजनांदगांव जिले को इस वर्ष नेशनल स्कूल गेम्स बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए जिम्मेदारी मिली है। राजनांदगांव जिला मुख्यालय स्थित दिग्विजय स्टेडियम में खेल स्पर्धा का आयोजन कराया जाएगा जहां पर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिला मुख्यालय के दिग्विजय स्टेडियम में 11 से 15 जनवरी तक नेशनल स्कूल गेम्स बास्केटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया जाना है। 69वीं राष्ट्रीय शालेय खेल स्पर्धा के अंतर्गत बास्केटबॉल बालक बालिका अंडर 17 वर्ग का आयोजन किया जाएगा। स्पर्धा में 800 से अधिक बास्केटबॉल खिलाड़ियों के साथ 200 की संख्या में कोच मैनेजर सहित अन्य स्टाफशामिल होंगे। राजनांदगांव जिला मुख्यालय में 11 से 15 जनवरी तक नेशनल स्कूल गेम्स बास्केटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारी जिला शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही है। स्कूल गेम्स स्पर्धा को संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा सभी अधिकारियों के साथ-साथ पीटीआई शिक्षकों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

बस संचालक पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दो दिन पूर्व नया बस स्टैंड में बस संचालक पर टांगी से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ब्राह्मण पारा, राजनांदगांव निवासी मनोज तिवारी पिता स्व। वीके तिवारी (51 वर्ष) के साथ आरोपी पेंड्री अटल आवास निवासी टुकेश नेताम उर्फबाबू पिता शंकर नेताम (19 वर्ष) ने बस हटाने की बात पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के साथ टांगिया से जानलेवा हमला किया था। हमले में प्रार्थी के सिर एवं दाहिने हाथ की कलाई में चोट आई। कोतवाली पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर घटना में प्रयुक्त लोहे का टांगिया जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है।

सीयूईटी-यूजी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी-यूजी) 2026 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कैंडिडेट्स एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन एप्लिकेशन कर सकते हैं। सीयूईटी-यूजी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट 30 जनवरी, 2026 तय की गई है। वहीं, 31 जनवरी तक कैंडिडेट्स एग्जाम फीस सब्मिट कर सकते हैं। इसके साथ ही एप्लिकेशन फॉर्म में सुधार करने के लिए करेक्शन विंडो 2 फरवरी, 2026 को ओपन होगी। कैंडिडेट्स 4 फरवरी, 2026 तक अपने एप्लिकेशन फॉर्म में करेक्शन कर सकेंगे। सीयूईटी-यूजी 2026 के लिए आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स को किसी मान्यता प्राप्त राज्य या केंद्रीय बोर्ड से कक्षा 12वीं की परीक्षा पास होना जरूरी है।

6 माह से पंप खराब, निगम नहीं कर रहा सुनवाई, मिल रहा गंदा पानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मसानगंज महिला थाना के पास स्थित नगर निगम का मोटर पंप पिछले 6 माह से जल गया है। इससे यहां के लोग काफी परेशान हो रहे हैं। पंप से गंदा पानी की सप्लाई होने से लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी न तो वार्ड पार्षद इसे सुधारने का नाम ले रहा है और न ही निगम के कर्मचारी। उनका कहना है कि जला हुआ पंप का समान नहीं मिलने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ ले रहे हैं। इसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को हा रहा है। स्थानीय पार्षद भी लोगों की समस्या को सुनने को तैयार नहीं है। उन्हें नगर निगम आफिस भेजकर अपने दायित्व से मुक्ति पा ले रहा है। अब क्षेत्र के लोग जाए तो कहां जाए। निगम प्रशासन की उदासीनता के चलते यहां के लोगों को पंप से गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। निगम प्रशासन से शीघ्र ही इस पंप को सुधारवाने की मांग स्थानीय लोगों ने की है। वार्ड में गंदा पानी की सप्लाई होने से लोग बीमारी के शिकार रहे हैं।

कोरिया वन मंडल कार्यालय की हरियाली पर चली कुल्हाड़ी

निर्माण कार्य के लिए हरा-भरा नीम का पेड़ काट दिया

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया वन मंडल के नए कार्यालय भवन के निर्माण को लेकर परिसर की हरियाली लगातार खत्म होती जा रही है। निर्माण कार्य के लिए एक हरा-भरा नीम का पेड़ काट दिया गया है, वहीं एक मोटा और बेशकीमती करंज का पेड़ भी काटा जा चुका है। जानकारी के अनुसार एक और बचे करंज के पेड़ को काटने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा परिसर में लगे चार बड़े पाम ट्री के चारों ओर पानी डालकर उन्हें निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे इन पेड़ों के भी बचने की संभावना बेहद कम मानी जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग कार्यालय परिसर में वर्षों से विकसित हरियाली धीरे-धीरे समाप्त की जा रही है। निर्माण कार्य के नाम पर पुराने पेड़ों को हटाया जा रहा है, जबकि इनके संरक्षण और वैकल्पिक व्यवस्था पर कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। इतना ही नहीं, लगभग डेढ़ साल पहले लाखो रुपये खर्च कर बनाए गए शेड निर्माण को भी हटाया जा रहा है। वहीं करीब 5 लाख रुपये की लागत से बने वाहन चालकों के विश्राम कक्ष को तोड़कर पूरी तरह मटियामेट कर दिया गया है, जबकि यह भवन अभी डिस्मेंटल योग्य भी नहीं था। इससे सरकारी संसाधनों की बर्बादी का आरोप भी लग रहा है। पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि वन विभाग के ही कार्यालय परिसर में इस तरह हरियाली को खत्म किया जाना कितनी विडंबना है। लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान पेड़ों के संरक्षण, पुनःरोपण और पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता दी जाए, ताकि कार्यालय परिसर की प्राकृतिक पहचान बनी रह सके।

माता राजिम के बताए संदेश मानव जीवन के लिए कल्याणकारी: सीएम

मुख्यमंत्री साय भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में हुए शामिल

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज धर्म नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में आयोजित भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ भगवान राजीव लोचन एवं भक्त माता राजिम की पूजा अर्चना कर प्रदेश और समाज की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महोत्सव में शामिल समाज के नागरिकों ने मुख्यमंत्री को गजमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री साय ने महोत्सव स्थल पर समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहू समाज एक प्रगतिशील समाज है, हम सबको राजिम भक्तिन माता एवं माता कर्मा के बताए संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भक्त माता राजिम और भक्त माता कर्मा की जयकारे के साथ कहा कि आज हम सब भगवान श्री राजीव लोचन का पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना किए है। आज सिरकट्टी आश्रम में भी 9 करोड़ रुपए के लागत से भव्य राम जानकी मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। इस पुण्य अवसर पर हमें शामिल होने का सौभाग्य मिला।जैसे अयोध्या धाम में धर्म ध्वजा स्थापना किए है।उसी तर्ज पर यहां कुटेना में भी धर्म ध्वजा स्थापित किया गया है। मेरा सौभाग्य है कि एक साल पहले भी इस अवसर पर शामिल होने का अवसर मिला था।यह समाज समृद्ध और शिक्षित समाज है। हर दृष्टिकोण से समृद्ध रहा है। इतिहास भी समृद्ध रहा है। हम सबको दानवीर भामाशाह,बाबा सत्यनारायण जी का आशीर्वाद मिल रहा है। यह समाज निरंतर विकास करें। यही कामना है।जब समाज एक जुट होगा तो केवल समाज ही नहीं प्रदेश और देश भी शक्तिशाली और समृद्ध बनता है। उन्होंने कहा कि समाज का अनेक कार्यक्रम अनुकरणीय है। सामूहिक विवाह एक अनुकरणीय पहल है।

हम राजिम दाई के आशीर्वाद से हर गारंटी को पूरा कर रहे हैं। राज्य समृद्ध है खनिज,वन, उर्वरा से भरपूर है। अब नक्सलवाद से जवान पूरी ताकत से लड़ रहे हैं। हम सबका संकल्प है कि 31 मार्च तक बस्तर को नक्सल मुक्त कर देंगे।आज 400 गांव को आबाद किए हैं। राज्य के विकास में बाधक नक्सलवाद अब खत्मा की ओर है।राज्य को हम सब समृद्ध दिशा में लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के हर आयोजन के लिए सरकार साथ है। उन्होंने प्रदेशवासियों को राजिम माता भक्ति जयंती की बधाई दी और कहा कि राजिम माता ने जिस साहू समाज को अपनी मेहनत और त्याग से संगठित किया, आज वह समाज शिक्षा, कृषि व व्यवसाय सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू एवं चुन्नी लाल साहू, विधायक इंद्र कुमार साहू, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, थानेश्वर साहू, पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, लेखराम साहू, समाज के प्रदेशाध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

रेलवे में आइसोलेटेड कैटेगरी पर निकली भर्ती, 29 तक आवदेन

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से आइसोलेटेड कैटेगरी के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। जो भी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल पोर्टल पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन करने की लास्ट डेट 29 जनवरी एवं फीस जमा करें की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। रेलवे की ओर से आइसोलेटेड कैटेगरी के अंतर्गत कुल 312 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। पद का नाम एवं उनकी संख्या की डिटेल आप यहां चेक कर सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी का पदानुसार 12वीं से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट होना तक आवश्यक होगा। इसके अलावा भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तय की गई है। वहीं, अधिकतम आयु पदानुसार 30/32/33/35/40 वर्ष निर्धारित है। उम्र की गणना 1 जनवरी 2026 के अनुसार होगी। पात्रता एवं मापदंड की पदानुसार डिटेल के लिए अभ्यर्थी एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।

बोर्ड की शुरू हुई प्रायोगिक परीक्षाएं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की भी प्रायोगिक परीक्षाएं शुरू हो गई है। 20 जनवरी तक प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराने के लिए विषय शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत भी 10वीं और 12वीं बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न कराई जा रही है, जिसे भी 14 जनवरी तक पूर्ण कराने के निर्देश जारी कर दिए गए है। ज्ञात हो कि 10वीं और 12वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा शुरू होने के पहले प्रायोगिक परीक्षाएं पूर्ण कर ली जाती है। पूर्व के वर्षों में 10 जनवरी से प्रायोगिक परीक्षाएं शुरू होती थी लेकिन इस वर्ष 1 जनवरी से ही शुरू कर दी गई है।

राजनांदगांव जिले में सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत भी दसवीं और बारहवीं बोर्ड की कक्षाएं संचालित होती है। अधिकतर शालाओं में सीबीएसई बोर्ड की व्यवस्था सुनिश्चित होने के कारण सीबीएसई बोर्ड की भी प्रायोगिक परीक्षाएं 1 जनवरी से 14 जनवरी के मध्य संपन्न कराई जा रही है। इसके लिए भी विषय शिक्षकों को अधिकृत कर दिया गया है। सीबीएसई बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं पूरी तरह से संचालित की जा रही है।

वहीं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अंतर्गत आने वाले हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी प्रायोगिक परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रायोगिक परीक्षाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा विषय शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है जिनके देखरेख में प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराई जा रही है।

न्यूज गैलरी

पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को मिले भवन अनुज्ञा पत्र, मकान निर्माण का रास्ता साफ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 'मोर जमीन मोर मकान' घटक का क्रियान्वयन रायपुर नगर निगम क्षेत्र में तेज गति से जारी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में योजना लगातार आगे बढ़ रही है। नगर निगम रायपुर क्षेत्र में सभापति सूर्यकान्त राठौड़, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू एवं पार्षद ममता सोनू तिवारी ने हितग्राही नागरिकों को मकान निर्माण प्रारंभ करने के लिए भवन अनुज्ञा स्वीकृति पत्र प्रदान किए। स्वीकृति पत्र प्राप्त करते ही हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से लाभ दिया जा रहा है।

गंदगी मिलने पर होटल गुरुकृपा राजधानी पर 2500 रुपये का ई-जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम जोन 10 स्वास्थ्य विभाग ने स्वच्छता को लेकर मिली जनशिकायत पर कार्रवाई करते हुए होटल गुरुकृपा राजधानी पर 2500 रुपये का ई-जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देशानुसार की गई। जोन 10 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने होटल में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटल परिसर में गंदगी पाई गई और जनशिकायत सही पाई गई। इस पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा के निर्देश पर होटल संचालक पर तत्काल जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक यशवंत बेरिहा सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग ने होटल संचालक को स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के निर्देश भी दिए।

फर्जी दस्तावेज से ट्रक कर लिया अपने नाम, एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन थाने में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इसमें छोटे भाई ने बड़े भाई के स्वामित्व के ट्रक को फर्जी दस्तावेज के जरिए अपने नाम करा लिया है। शिकायत पर पुलिस ने छोटे भाई पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थी समन राय ओडिशा का रहने वाला है। उसके स्वामित्व और नाम पर एक ट्रक था, जिसे उसने अपने भाई देवपुरी निवासी दीपक राय को व्यवसाय के लिए दिया था। सगा भाई होने के चलते बिना किरायानामा 30 हजार रुपए महीना तय किया था। लेकिन पिछले दो सालों से उसने किराया अदा नहीं किया। जब प्रार्थी ने ट्रक वापस मांगा तो वह टाल-मटोल करने लगा। बाद में पता चला कि दीपक ने किसी दूसरे व्यक्ति को बड़ा भाई बताकर फर्जी तरीके से ट्रक को अपने नाम पर ट्रांसफर करा लिया है।

डूंडा राशन दुकान में गड़बड़ी, अफसरों ने किया सस्पेंड

रायपुर/नवप्रदेश। डूंडा की राशन दुकानों में लोगों को समय पर राशन नहीं मिल रहा था। इतना ही नहीं जांच के दौरान दुकान के स्टॉक में भी गड़बड़ी पाई गई। इसके बाद अफसरों ने दुकान को सस्पेंड कर दिया है। डूंडा के लोगों ने ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से शिकायत की थी कि दुकानदार उन्हें समय पर राशन नहीं दे रहा है। हफ्तेभर में कभी भी दुकान को बंद कर दिया जाता है। इस वजह से उन्हें राशन लेने में काफी परेशानी हो रही थी। लोगों की शिकायत के बाद विधायक ने खाद्य विभाग के अफसरों को दुकान की जांच करने के आदेश दिए थे।

छात्रों को तनाव से बचाने साइको-सोशल काउंसलिंग

रायपुर/नवप्रदेश। सीबीएसई ने 10वीं-12वीं के छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने के लिए साइको- सोशल काउंसलिंग शुरू की है। ताकि बच्चों का तनाव, चिंता और भावनात्मक दबाव कम हो सके और 17 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा में आत्मविश्वास के साथ शामिल हो सकें। काउंसलिंग 6 जनवरी से 1 जून 2026 तक जारी रहेगी। देश भर के लिए शुरू इस सेवा का लाभरायपुर के 86 स्कूलों के बच्चों को भी मिलेगा। छात्र अपनी समस्या को लेकर 1800-11-8004 पर कभी भी कॉल कर सकते हैं।

रविवि की 16 सदस्यीय क्रिकेट टीम घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। कटक में 10 जनवरी से शुरू हो रही ईस्ट जोन पुरुष इंटरयूनिवर्सिटी क्रिकेट स्पर्धा में भाग लेने के लिए पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा 7 जनवरी को कर दी गई। चयनित खिलाड़ियों को शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला में 8 जनवरी को उपस्थित होने रविवि की खेल संचालक ने निर्देश दिया है। चयनित खिलाड़ियों में हरिशंकर कॉलेज से क्रितेश साहू, शशांक नेताम, पोरस यादव, विप्र कॉलेज से आलोक साहू, स्वयं पांडेय, भावेश साहू और अजय मिश्रा, दुर्गा कॉलेज से हिमांशु सिंह, सूर्यकांत तिवारी, आर्यमन सिंह और शार्विल सिंह, सेंट पेलोटी से तनिष्क कश्यप, डीकेएस कॉलेज बलौदाबाजार से वसीम अंसारी और अभिषेक महिलांगे तथा बागबाहरा कॉलेज से सोहित तिवारी और सत्यम वैष्णव शामिल हैं।

नगर निगम जोन 9 की बड़ी कार्रवाई, मोवा में 7 एकड़ भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर लगाई रोक

दलदल सिवनी मुख्य मार्ग पर बने अवैध लेबर क्वार्टर को किया ध्वस्त

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार एवं जोन 9 के जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देश पर गुरुवार को जोन 9 नगर निवेश विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की।

नगर निगम जोन 9 के अंतर्गत मोवा क्षेत्र में लगभग 7 एकड़ निजी भूमि पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग पर निगम की टीम ने तत्काल रोक लगाई। जांच में सामने आया कि प्लाटिंग के उद्देश्य से अवैध रूप से मुरूम की सड़क

का निर्माण किया गया था। निगम की टीम ने मौके पर जेसीबी मशीन की सहायता से उक्त अवैध मुरूम रोड को काटकर नष्ट कर दिया, जिससे आगे किसी भी प्रकार की अवैध प्लाटिंग न की जा सके।

कराई जाएगी एफआईआर

इस कार्रवाई के दौरान कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता संदीप तिवारी एवं सैयद जोहेब, उप अभियंता अतुल बंसल सहित नगर निवेश विभाग की टीम मौजूद रही। जोन 9 नगर निवेश विभाग द्वारा रायपुर तहसीलदार और पंजीयन कार्यालय को पत्र लिखकर संबंधित भूमि के वास्तविक भवन स्वामी एवं निर्माणकर्ता की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि जानकारी प्राप्त होते ही संबंधित अवैध निर्माणकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी और संबंधित थाना में नामजद एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके अलावा, नगर निगम जोन 9 द्वारा जोन क्षेत्र अंतर्गत दलदल सिवनी मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से निर्मित लेबर क्वार्टर के खिलाफभी सख्त कार्रवाई की गई। नगर निवेश विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध लेबर क्वार्टर को तत्काल ध्वस्त कर दिया। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध प्लाटिंग और बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। ऐसी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए मंत्री केदार कश्यप

वाहन सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों को कराया जाएगा कड़ाई से पालन: केदार कश्यप

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को मंत्री कश्यप विभागीय कार्यों और उपलब्धियों की दी जानकारी
- ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ई-ट्रैक) और अन्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। परिवहन मंत्री केदार कश्यप आज नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए। बैठक का मुख्य फोकस सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर रहा। गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतें सुरक्षा उपायों के पालन न करने के कारण होती हैं।

उन्होंने सभी राज्यों को निर्देशित किया कि वाहन चालकों एवं सहयात्रियों द्वारा सीट बेल्ट तथा दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट के उपयोग को सख्ती से लागू किया जाए। बैठक में परिवहन मंत्री कश्यप ने छत्तीसगढ़ में संचालित परिवहन से संबंधित योजनाओं, परियोजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी केंद्रीय मंत्री गडकरी को दी। इस अवसर पर सचिव, परिवहन विभाग एस. प्रकाश भी उपस्थित थे। ओवरलोडिंग के विरुद्ध कठोर कार्रवाई को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का अहम उपाय बताया गया। बैठक में ओवरलोड वाहनों पर नियमित जांच, तकनीकी निगरानी, प्रवर्तन कार्यवाही और कड़े दंडात्मक प्रावधान लागू करने पर सहमति बनी। सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियानों, सड़क सुरक्षा मित्रों की भागीदारी, तथा स्कूलदृकॉलेज स्तर पर यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के कैशलेस उपचार, हिट एंड रन मामलों में मुआवजा व्यवस्था, वाहन सुरक्षा के नए प्रावधान, तथा मोटर व्हीकल अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

सभी परिवहन कार्यालयों में ई-ट्रैक निर्माण की योजना

मंत्री कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी परिवहन कार्यालयों में सेंसर आधारित ऑटोमेटेड कंप्यूटरीकृत ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ई-ट्रैक) बनाने की योजना पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि ई-ट्रैक से केवल कुशल चालक ही ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे, इससे सड़क सुरक्षा में सुधार होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इस परियोजना का निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से बेहतर ग्रामीण परिवहन व्यवस्था

मंत्री कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत ग्रामीण किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, छात्रों और आम नागरिकों को जनपद, तहसील और जिला मुख्यालय तक सस्ती, नियमित और सुरक्षित बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार, रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच आसान हो रही है। दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है, साथ ही एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन तक आवागमन भी बेहतर हो रहा है

व्हीकल ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म से सुरक्षा मजबूत

मंत्री कश्यप ने बताया कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए 'निर्भया फ्रेमवर्क' के तहत सार्वजनिक वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (व्हीएलटीडी) और इमरजेंसी बटन लगाए जा रहे हैं। अब तक 1,900 यात्री वाहनों,5 हजार 800 स्कूल बसों में ट्रैकिंग डिवाइस लगाए जा चुके हैं। आपात स्थिति में पैनिक बटन दबाते ही सूचना परिवहन विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से पुलिस के डायल-112 तक तुरंत पहुँच जाती है।

नाबालिग चचेरी बहन से बलात्कार, 10 साल कैद

रायपुर/नवप्रदेश। नाबालिग चचेरी बहन से बलात्कार के दोषी युवक को विशेष न्यायाधीश ने 10 वर्ष कठोर कारावास और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़िता के परिजनों को क्षतिपूर्ति योजना 2018 के अंतर्गत चार लाख रुपए प्रतिकर राशि देने का आदेश भी दिया है। यह मामला थाना गुढ़ियारी क्षेत्र का है। इस मामले में अंतिम सुनवाई 5 जनवरी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विनय कुमार प्रधान की कोर्ट में पूर्ण हुई। विशेष लोक अभियोजक विमला ताण्डी ने कोर्ट को बताया कि अभियुक्त युवक (18 वर्ष) इलाज कराने के लिए चाची के घर रायपुर आया था। 1 जुलाई, 2025 की रात उसने नाबालिग चचेरी बहन के साथ बलात्कार किया। उसी दिन देर रात्रि करीब 2 बजे जब पेट में दर्द हुआ तो नाबालिग ने रोते हुए मां को घटना के बारे में बताया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में रहा। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य और सबूतों के आधार पर अभियुक्त को 10 साल कठोर कारावास और पांच सौरुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

बृजमोहन के सवालों का मंत्री गजेंद्र ही देंगे जवाब, भाजपा नेताओं ने बनाई दूरी

रायपुर/नवप्रदेश। बालोद के दुधली में आगामी 9 से 13 जनवरी तक आयोजित भारत स्काउट्स गाइड राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी कैंप 2026 के आयोजन को लेकर सत्ताधारी दल के सांसद बृजमोहन अग्रवाल और राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बीच खींचतान नजर आ रही है। इसे लेकर सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं ने दूरी बना ली है। विवाद सामने आने के बाद बुधवार को भाजपा के 13 प्रवक्ताओं में से किसी ने इस संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया, न ही पार्टी के आला पदाधिकारियों ने इस पर कोई टिप्पणी की। संगठन के आला नेताओं ने बताया कि जवाब देने के लिए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को छूट दी गई है और पार्टी के नेताओं को दूर रखा गया है। दूसरी ओर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस मुद्दे को लपक लिया है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रेस कांफ्रेंस कर स्कूल शिक्षा मंत्री और राज्य सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि कांग्रेस पहले से ही जंबूरी कैंप 2026 के आयोजन के टेंडर को लेकर गड़बड़ी का आरोप लगा रही थी।

सांसद अग्रवाल के बयान आने के बाद कांग्रेस नेताओं को बल मिला है। राजनीतिक विश्लेषक जंबूरी 2026 को लेकर शुरू हुए विवाद के मुद्दे को अलग ही नजरिए से देख रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि प्रदेश में भाजपा के भीतर ही सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। भले ही भाजपा खुद को कैडरबेस पार्टी करार दे, लेकिन यहां भाजपा दो खेमों में बंट चुकी है। इसके एक खेमे में पुराने व अनुभवी नेता हैं। वहीं एक खेमे में दूसरी-तीसरी पंक्ति के नेता हैं, जो पहली बार चुनाव जीतकर मंत्री जैसे पदों को शोभित कर रहे हैं। बहरहाल सूत्रों की मानें तो पांच दिनों के जंबूरी आयोजन को लेकर भले ही विपक्ष का हमला जारी हो, लेकिन सत्ताधारी दल इस हमले का जवाब नहीं देगा, बल्कि सरकार की ओर से आने वाले जवाबों का विश्लेषण करेगा। दूसरी ओर सांसद श्री अग्रवाल के नजदीकी लोगों का कहना है कि फिलहाल सांसद दिल्ली में हैं, वे दिल्ली से पंजाब जाएंगे। फिर रायपुर लौटेंगे। वे खुद रायपुर लौटने के बाद मीडिया से चर्चा कर वस्तुस्थिति साफकरेंगे।

दो माह से प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में पढ़ाई पूरी तरह ठप

- अकेले प्रधान पाठक स्कूलों में करा रहे छमाही परीक्षा
- ज्यादातर स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी मतदाता पुनरीक्षण कार्य में

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षकों की ड्यूटी मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगने की वजह से स्कूलों में अकेले प्रधान पाठक छमाही परीक्षा संपन्न करा रहे हैं। अधिकांश स्कूलों में केवल प्रधान पाठक ही बचे हैं। दो माह से प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में पढ़ाई पूरी तरह ठप है। एसआईआर के तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। पूर्व में फॉर्म भरने और सत्यापन के बाद सूची जारी कर दावा-आपत्ति मंगाई जा रही है। इस कार्य में भी हजारों शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकांश शिक्षक दो माह से एसआईआर कार्य की वजह से स्कूल ही नहीं जा रहे हैं। जिसके कारण प्राइमरी और मिडिल स्कूल केवल प्रधान पाठक के ही भरोसे चल रहे हैं।

प्रदेश के कई जिलों में इन दिनों छमाही परीक्षा चल रही है। शिक्षक नहीं होने के कारण अकेले प्रधान पाठक ही छमाही परीक्षा संपन्न करा रहे हैं। छमाही परीक्षा चलने और एकमात्र स्टाफहोने की वजह से प्रधान पाठकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्कूलों में परीक्षा के नाम पर केवल खानापूर्ति चल रही है। एक साथ चार-पांच कक्षाओं की परीक्षा होने से प्रधान पाठक काफी तनाव में हैं परंतु उनकी कोई सुनवाई उच्च स्तर पर नहीं हो रही है। गौरतलब है कि शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी की वजह से प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में बीते दो माह से पढ़ाई पूरी तरह ठप है। पढ़ाई का जिम्मा एकलौते प्रधान पाठक पर है परंतु वे उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन समेत अन्य योजनाओं की ऑनलाइन जानकारी देने समेत अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं। लिहाजा बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

स्मार्टसिटी की नई पाइपलाइन से पानी का प्रेशर जांचने ट्रांसमीटर

ब्राम्हणपारा में सुबह पुरानी लाइन से होगी पानी सप्लाई

रायपुर/नवप्रदेश। ब्राम्हणपारा में कंकाली मंदिर के पीछे के मोहल्ले सहित तीन अन्य मोहल्ले में स्मार्टसिटी लिमिटेड द्वारा 24 घंटे पेयजल योजना की पाइपलाइन से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। पहले इन मोहल्लों में बैरनबाजार टंकी से भी पुरानी लाइन से पानी आता था।

इसे बंद करके तीन दिन नई लाइन से पानी का ट्रॉयल फ्लॉप साबित हो गया। इसके चलते अब सुबह के समय पुरानी लाइन और शाम को नई लाइन से पानी सप्लाई किया जाएगा।

वहीं प्रेशर की कमी संबंधी शिकायत से निबटने के लिए स्मार्टसिटी लिमिटेड के अधिकारियों ने ब्राम्हणपारा के प्रभावित क्षेत्रों के 40 जगहों की लाइन में वाटर ट्रांसमीटर सिस्टम लगा दिया है। इससे पानी के प्रेशर की जांच करने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू ने बताया कि नई सप्लाई लाइन के ट्रॉयल को हम सिर्फ15 दिन देखेंगे। अगर यह सफल नहीं हुआ तो पुरानी पाइपलाइन से ही पानी दिया जाएगा।

महिला थाना वॉल्व बंद किया गया

बैरनबाजार टंकी से ब्राम्हणपारा आने वाले पानी का संचालन महिला थाना के पास लगे वॉल्व से किया जाता है। अभी नई पाइप से पानी देने के लिए यह वॉल्व बंद कर दिया गया। इसके कारण ब्राम्हणपारा के लगभग 1200 कनेक्शन की सप्लाई प्रभावित हो गई। पार्षद श्री साहू ने कहा कि मार्च महीने में यही स्थिति रही तो निगम को जनआक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नई लाइन से अभी कई जगहों पर 1 घंटे में बमुश्किल दो बाल्टी पानी मिल रहा है, यह पर्याप्त नहीं है। स्मार्टसिटी लिमिटेड ने घरों में नल की टोंटियां खोलते ही 24 घंटे पानी देने के लिए पाइप में फ्लोकंट्रोल वॉल्व लगा दिया है। इसके कारण पानी का फ्लो तेज नहीं रहता। चूंकि यहां अभी केवल एक घंटे पानी सप्लाई भी सफल नहीं हो रहा, ऐसी स्थिति में इस वॉल्व के औचित्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। इधर अधिकारियों ने बताया कि नई लाइन से 5 एलपीएम पानी दिया जा रहा है, जिन लोगों को प्रेशर कम होने की शिकायत है, उनकी समस्याओं का निराकरण करने नियमित रूप से टीम लगाई जा रही है। सर्वाधिक 20 हजार कनेक्शन मोतीबाग टंकी से 24 घंटे पानी सप्लाई योजना के तहत अकेले मोतीबाग टंकी से ही लगभग 20 हजार कनेक्शन का लक्ष्य स्मार्टसिटी लिमिटेड ने तय किया था।

सुविचार

कच्चे मकान देखकर किसी से रिश्ता मत तोड़ना क्योंकि मिट्टी की पकड़ मजबूत होती है, संगमरमर पर तो अक्सर पैर फिसल जाया करते हैं।

महाराष्ट्र : निकाय चुनाव में टूटा गठबंधन

महाराष्ट्र में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में महाअघाड़ी और महायुति दोनों ही गठबंधन में टूट हो रही है। खासतौर पर मुंबई महानगरपालिका चुनाव में तो इन दोनों ही गठबंधनों में शामिल पार्टियां कई सीटों पर आमने सामने आ गई है। गौरतलब है कि बीएमसी का चुनाव भाजपा और शिवसेना यूबीटी के लिए नाक की लड़ाई बन गया है। बीएमसी में पिछले पच्चीस सालों से शिवसेना का कब्जा रहा है। किन्तु अब शिवसेना टूट गई है और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना यूबीटी को एकनाथ सिंदे पाली शिवसेना से कड़ी चुनौती मिल रही है। उल्लेखनीय है कि बीएमसी जिसका बजट 84 हजार करोड़ रूपये का होता है और यह न सिर्फ भारत बल्कि पूरे एशिया का सबसे अमीर नगर निगम माना जाता है। इसलिए शिवसेना यूबीटी इस पर अपना कब्जा बरकरार रखने के लिए एडी चोटी का जोर लगा रही है। शिवसेना यूबीटी ने राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ गठजोड़ कर लिया है। अब यह दोनों पार्टियां मिलकर बीएमसी की सभी 227 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। जबकि कांग्रेस ने महाअघाड़ी से किनारा कर लिया है। उद्धव ठाकरे के साथ राज ठाकरे के आ जाने से कांग्रेस को घोर आपत्ति है इसलिए उसने कुछ अन्य क्षेत्रीय पार्टियों के साथ मिलकर नया गठबंधन बना लिया है। महाअघाड़ी में शामिल शरत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी अपनी अलग राह चुन ली है और शरद पवार ने अपने भतीजे अजीत पवार से पुराने मतभेद भुलाते हुए कई सीटों पर उनके साथ समझौता कर लिया है। महाअघाड़ी की तरह ही महायुति में भी बिखराव की स्थिति बन गई है जहां अजीत पवार ने अपने चाचा शरद पवार के साथ कई सीटों पर तालमेल कर लिया है। वहीं भाजपा और एकनाथ शिदें की नेतृत्व वाली शिवसेना भी कई सीटों पर आमने सामने आ गई हैं। कुल मिलाकर नगरीय निकाय चुनाव में दोनों ही गठबंधनों में फूट पड़ गई है। नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण में नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों के चुनाव में महायुति गठबंधन में तीन चौथाई से ज्यादा नगरीय निकायों पर कब्जा किया था इसलिए अब मुंबई महानगरपालिका सहित अन्य नगरनिगमों में वर्चास्व की लड़ाई तेज हो गई है। खासतौर पर बीएमसी में कब्जा करने के लिए दोनों ही गठबंधनों ने कमर कस ली है। दोनो की नजर 35 प्रतिशत मराठी वोटरों और 20 प्रतिशत मुस्लिम वोटरों पर है। जिसे अपने पक्ष में करने के लिए ही इन दोनों गठबंधनों में शामिल पार्टियां विरोधी दलों के साथ ही हाथ मिला रही हैं। मुस्लिम वोटों को हथियाने के लिए समाजवादी पार्टी भी अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। वहीं असदुद्दीन ओवैसी भी बीएमसी चुनाव में ताल ठोकने जा रहे हैं। जिसकी वजह से बीएमसी चुनाव में इस बार रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। 13 करोड़ आबादी वाले मुंबई के लोग इस बार बीएमसी में शिवसेना यूबीटी का कब्जा बरकरार रखते हैं। या महायुति को मौका देते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा।

बंग्लादेश को बीसीसीआई की दो टूक चेतावनी

आईपीएल से एक बांग्लादेशी खिलाड़ी को बाहर किये जाने से नाराज होकर बांग्लादेश क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बीसीसीआइ को पत्र लिखकर भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इंकार कर दिया था। उसने कहा था कि टी-20 वर्ल्ड कप के मैच जिसमें बांग्लादेश को खेलना है वे भारत से बाहर कराये जायें। बांग्लादेश ने सोचा था कि जिस तरह भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैच खेलने से इंकार कर दिया था तो पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत और पकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैच दुबई में कराये थे। उसी तरह उसकी मांग पर बीसीसीआई भी बांग्लादेश के मैच अन्य देश में कराने के लिए तैयार हो जाएगा। किन्तु बीसीसीआई ने इससे स्पष्ट इंकार कर दिया और दो टूक शब्दों में बांग्लादेश क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को कहा है कि यदि उसे टी-20 वर्ल्ड कप में खेलना है तो भारत में आकर ही मैच खेलना होगा। अन्यथा उसके अंक काट दिये जाएंगे। बीसीसीआई की इस चेतावनी के बाद अब बांग्लादेश क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पशोपेश में पड़ गया है कि वह भारत में मैच खेले या नहीं। यदि वह मैच नहीं खेलता है तो निश्चित रूप से अंक तालिका में वह पिछड़ जाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि बांग्लादेश अपनी हटधर्मिता छोड़कर भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेलने को राजी हो जाएगा।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ अपनी दृष्टि से सब देखते हैं लेकिन गुरु दृष्टि से जिन लोगों ने देखा उनके भाव देखो, उनका आनंद देखो, उनकी मस्ती देखो; उसी दृष्टि में देखो और संपूर्ण श्रद्धा रखो, संपूर्ण निष्ठा रखो, पूर्ण विश्वासकृ।

◆ जीव से मिलकर परमात्मा कभी जीव की तरह नहीं होता, सदा जीव ही परमात्मा की भांति हो जाता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1873-नेपोलियन तृतीय का निधन। 1915- दक्षिण अफ्रीका से वापसी के बाद महात्मा गांधी मुम्बई पहुंचे। 1927- पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन शुरू करने वाले सुंदरलाल बहुगुणा का जन्म। 1934-अपनी आवाज के जादू से लाखों दिलों पर राज करने वाले पार्श्वगायक महेंद्र कपूर का जन्म। 1963- देश में स्वर्ण नियंत्रण उपायों की घोषणा। 1972- इस बात का ऐलान किया गया कि वर्ष 1971 में फीचर फिल्मों के निर्माण के मामले में भारत दुनिया में पहले स्थान पर रहा। इस अवधि में यहां कुल 433 फीचर फिल्मों का निर्माण हुआ। 1982- भारत का पहला वैज्ञानिक अभियान दल अंटार्कटिका पहुंचा। 2001- बांग्लादेश में हिंदुओं की संपत्ति लौटाने संबंधी विधेयक मंजूर। 2008- श्रीलंका की सेना ने लिट्टे के नियंत्रण वाले इलाके को अपने कब्जे में लिया। 2011- ईरान एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त, 77 लोगों की मौत। 2012- लिओनेल मेसी ने लगातार दूसरे वर्ष फीफा का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का खिताब अपने नाम किया।

'लाडो अभियान' का एक दशक

राजीव खंडेलवाल

18 लाख से अधिक जनसंख्या व 3:50 लाख से अधिक परिवार वाले जिले में यह संख्या और द्रुत गति से बढ़नी चाहिए दीया तले अंधेरा नहीं होना चाहिए। यह एक अत्यंत सरल, कम खर्चीली, किंतु गहन सामाजिक परिवर्तन लाने वाली पहल है। प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है कि- हर घर के सामने बेटी या महिला के नाम की नेम प्लेट लगाकर हम न केवल सामाजिक जिम्मेदारी निभाएंगे बल्कि एक मौन क्राति का हिस्सा भी बनेंगे। विवाह के बाद घर आने वाली बहू को भी ऽघर की बेटीऽ मानते हुए उसका नाम सम्मानपूर्वक प्रदर्शित किया जाए। इससे न केवल नई बहू को सामाजिक स्वीकृति मिलेगी, बल्कि उसके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी– जो परिवार और समाज दोनों के लिए हितकारी सिद्ध होगी। तेजी से पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ते समाज और कमजोर होते संयुक्त हिंदू परिवार की पृष्ठभूमि में, लाडो अभियान परिवार और सामाजिक मूल्यों को सहेजने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है।

पुरुष-प्रधान समाज में महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार दिलाने के लिए उन्हें सदियों से संघर्ष करना पड़ा है। भारत की सामाजिक, जातीय संरचना, अशिक्षा और परंपरागत सोच के कारण यह संघर्ष और भी कठिन रहा है। यद्यपि समय के साथ महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और अधिकारों की इस लड़ाई में कई सफलताएँ भी प्राप्त की हैं, फिर भी यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि तथाकथित सभ्य समाज आज भी महिलाओं को उस मुकाम तक नहीं पहुँचा सका है, जिनकी वे प्राकृतिक स्वाभाविक रूप से जन्म सिद्ध अधिकारिणी हैं।

''लाडो अभियान'' की अवधारणा।

पुरुष की पहचान से पहचाने जाने वाले समाज में बैतूल के निवासी, समाजसेवी एवं एक साधारण पान की दुकान चलाने वाले अनिल यादव (पहलवान) ने एक असाधारण और साहसिक विचार को जन्म दिया–

"समाज की पहचान पुरुष से नहीं, महिला से हो।" इस नहीं अभिनव सोच ने समाज की जड़ जमाई हुई सोच को झकझोरने का साहसिक कार्य किया। अनिल ने समाज के सामने यह मूल सोच रखी कि जब घर की धूरी महिला है, तो पहचान सिर्फ पुरुष के नाम से ही क्यों?

इसी सोच के साथ उन्होंने "घर की पहचान बेटी के नाम" अभियान की शुरुआत की, जिसे स्नेहपूर्वक "लाडो अभियान" नाम दिया गया।

इस अभियान का शुभारंभ 8 नवंबर 2015, उनकी बेटी आयुषी यादव के जन्मदिन से हुआ।

आज यह अभियान अपने 10 वर्ष (3650 दिन) पूर्ण कर चुका है।

"स्थानीय पहल से राष्ट्रीय-वैश्विक पहचान तक"

आदिवासी बहुल बैतूल जिले से शुरू हुआ यह अभियान आज– देश के 28 राज्यों तक पहुँच चुका है। मध्य प्रदेश के 27 जिलों में सक्रिय है।

अकेले बैतूल जिले के 135 गाँवों में

अब तक 3900 से अधिक बेटियों के नाम की नेम प्लेट घरों पर लगाई जा चुकी हैं।

यह केवल नेम प्लेट लगाने का कार्य नहीं, बल्कि समाज की सोच का चेहरा बदलने का प्रयास है। यह अभियान आज बेटियों को सामाजिक पहचान, सम्मान और स्वाभिमान देने का प्रतीक बन चुका है।

गर्व की बात है कि यह अभियान अमेरिका, दुबई और लंदन तक भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है।

"संघर्ष'' का पर्याय - अनिल यादव।"

कहावत है जो खुद पर लागू करें वही दूसरों को समझ सकता है। कोई भी सामाजिक आंदोलन तभी सफल होता है,

जब उसका प्रारंभ स्वयं से किया जाए।

अनिल यादव ने इस सिद्धांत को अपने जीवन में उतारते हुए अभियान की शुरुआत अपने घर से की। रास्ता आसान नहीं था

असंख्य उपहास, शंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। न तो कदम रोके, न हो हौसले टूटने दिए और निरंतर आगे बढ़ते रहे। यह अभियान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ योजना के उद्देश्य को जमीनी स्तर पर घर-घर तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन गया।

10 वर्षों का अनुभव और सामाजिक प्रभाव व परिवर्तन।

जब अनिल यादव से पूछा गया कि इस दस वर्षीय यात्रा में उन्हें किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, तो उन्होंने बताया-

किसी ने कहा, "इससे क्या बदलेगा?" इससे क्या फर्क पड़ेगा?

किसी ने आशंका जताई कि "बेटियों के नाम से लोग पुकारेंगे तो असहजता होगी।"

किसी ने इसे समय की बर्बादी बताया। यह ऊंट के मुंह में जीरा है। लेकिन दृढ़ निश्चय और अटूट विश्वास के साथ उन्होंने इन सभी बातों को नजरअंदाज किया। समय नहीं है सिद्ध कर दिया या मुहिम रेट पर पानी नहीं बल्कि पत्थर पर लकीर साबित हुई।

परिणाम आज सबके सामने है—

समाज में बेटियों को सम्मान और बराबरी का दर्जा मिलने लगा है। समाज में बेटियों को आंख उठाकर देखने का अवसर मिल रहा है।

घरों पर दादा या पिता के स्थान पर बेटी व महिलाओं के नाम की नेम प्लेट लगने लगी है। प्रतिष्ठानों के नाम बेटियों के नाम पर रखे जाने लगे हैं। बेटियों के जन्म पर उत्सव मनाने की परंपरा बढ़ी है। माता-पिता बेटियों के भविष्य को लेकर अधिक सजग और सकारात्मक हुए हैं।

इस अभियान की सफलता में लाडो फाउंडेशन, बेटियों के माता-पिता तथा मीडिया एवं पत्रकार बंधुओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है जो निश्चित रूप से बधाई के पात्र हैं।

एक अपील।

इस अवसर पर खासकर बैतूल जिले के नागरिकों से एक विशेष अपील जरूर इसलिए भी करना चाहता हू कि यह बिल्कुल ही मौलिक, अभिनव योजना है जिसे बैतूल का नाम सिर्फ जिले, प्रदेश या देश में ही नहीं बल्कि विश्व में भी किया है।अब तक लगी 3590 नेम प्लेटों में से लगभग 2000 बैतूल जिले में हैं।

18 लाख से अधिक जनसंख्या व 3:50 लाख से अधिक परिवार वाले जिले में यह संख्या और द्रुत गति से बढ़नी चाहिए–

"दीया तले अंधेरा" नहीं होना चाहिए।

यह एक अत्यंत सरल, कम खर्चीली, किंतु गहन सामाजिक परिवर्तन लाने वाली पहल है।

प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है कि–

हर घर के सामने बेटी या महिला के नाम की नेम प्लेट लगाकर हम न केवल सामाजिक जिम्मेदारी निभाएंगे बल्कि एक मौन क्रांति का हिस्सा भी बनेंगे।

विवाह के बाद घर आने वाली बहू को भी "घर की बेटी" मानते हुए उसका नाम सम्मानपूर्वक प्रदर्शित किया जाए। इससे न केवल नई बहू को सामाजिक स्वीकृति मिलेगी, बल्कि उसके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी–जो परिवार और समाज दोनों के लिए हितकारी सिद्ध होगी।

तेजी से पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ते समाज और कमजोर होते संयुक्त हिंदू परिवार की पृष्ठभूमि में, "लाडो अभियान" परिवार और सामाजिक मूल्यों को सहेजने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है।

आर्थिक मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ता भारत

डॉ. ओपी त्रिपाठी

यह वित्त वर्ष 2024-25 के 6.5 फीसदी के अनुमान से अधिक है। इससे साफसंकेत मिलते हैं कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक गति बनी हुई है और आने वाले समय में विकास की रफ्तार और तेज हो सकती है। एनएसओ के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक जीडीपी 201.90 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में इसका अनंतिम अनुमान 187.97 लाख करोड़ रुपये था। यह इशारा करता है कि अर्थव्यवस्था का आकार लगातार बढ़ रहा है। वहीं, नॉमिनल जीडीपी की बात करें, तो इसमें 8 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की राह पर आगे बढ़ती नजर आ रही है। यदि 1990 के दशक में कोई कहता कि भारत की अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ सकती है, तो कोई भी उद्योगपति या अर्थशास्त्री इसे स्वीकार नहीं करता। तब जापान विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और भारत बहुत पीछे था। भारत ने अर्थव्यवस्था को खोलने और आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत ही की थी, लेकिन आज यथार्थ सामने है। आज भारत 4.187 ट्रिलियन डॉलर के साथ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसने जापान को पीछे कर दिया है।

भारत सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था है और वह दिन दूर नहीं है, जब भारत में कामगार आबादी 1 अरब होगी। फिलहाल भारत की कुल आबादी 1.47 अरब को पार कर चुकी है। राजनेता अपने आंकड़े सुधार लें। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और कई विख्यात रेटिंग एजेंसियां 2025-26 (31 मार्च, 2026 तक) वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर औसतन 7 फीसदी आंक रही हैं। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन इससे भी अधिक विकास दर को लेकर आशान्वित हैं। यकीनन भारत बदल रहा है और आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। जर्मनी 4.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ तीसरे स्थान पर है। यकीनन भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर है। ऐसी अनुकूल स्थिति के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष नौकरशाहों को यह सलाह क्यों दी है कि 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित किए जाएं। प्रधानमंत्री देश की बढ़ती आर्थिक ताकत के रास्ते में किसी भी नियम, कानून और प्रक्रिया को रोड़ा बनने के पक्षधर नहीं हैं। साफ है कि प्रधानमंत्री सुधारों को गति देना चाहते हैं। फालतू के नियम, कानून, प्रतिबंध और प्रक्रियाओं को समाप्त करना चाहते हैं, ताकि जिंदगी और व्यापार करना आसान हो

सके। इसी बिंदु पर भारत जापान से बहुत अलग है। 2004 को याद करें, जब एक अनुबंध या ठेका प्राप्त करने में औसतन 425 दिन लगते थे। करीब 40 प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। दिवालियापन के समाधान की प्रक्रिया आराम से 10 साल तक चलती थी। नीति आयोग ने 2017 की अपनी रपट में स्वीकार किया था कि भारत में एक दुकान स्थापित करने में औसतन 118 दिन लगते थे। असम में यह अवधि 248 दिन तक फैल जाती थी। बेशक आज स्थितियां तुलनात्मक रूप से बेहतर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने फालतू के सैकड़ों कानूनों को खत्म किया है, लेकिन प्रक्रियाएं आज भी व्यापार, उद्योग के पहिये को अवरुद्ध कर रही हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित करने की बात कहनी पड़ी है। यदि भारत 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बनना चाहता है, तो ऐसी स्थितियां बनानी पड़ेगी, जिनमें कायदे-कानून और फालतू की प्रक्रियाएं 'शासन' न करती हों, बल्कि नियमन को सहज-सुगम बनाती हों। बेशक उससे भारत की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। अब भारत ऐसा देश है, जिसमें 2025 में 1.95 लाख करोड़ रुपए के आईपीओ आए और डीमैट खातों की संख्या 21 करोड़ के पार चली गई। अभी तक 1350 स्टार्टअप में 25,320 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है। आज भारत 159 प्रकार के गोला-बारूद, गोलियां, रॉकेट आदि का उत्पादन देश में ही कर रहा है। रक्षा-क्षेत्र करीब 91 फीसदी आत्मनिर्भर हो चुका है। 'मेक इन इंडिया' उत्पादों में ब्रह्मोस और पिनाका मिसाइलों की मांग बढ़ रही है। 2029 तक भारत ने 50,000 करोड़ रुपए के रक्षा-निर्यात का लक्ष्य तय किया है। आधा तो हम हासिल कर चुके हैं। बहरहाल संसद में बजट पेश करते हुए राजकोषीय घाटे का जो लक्ष्य तय किया गया था, वह नियंत्रण में है। मुद्रास्फीति 0.7 फीसदी तक गिर गई है। चालू खाते का घाटा दोगुना हो सकता है, लेकिन यह जीडीपी के 1.2 फीसदी तक ही रहेगा, जो एक सहज स्थिति है। यह हमारी आर्थिक और बाजारी ताकत है कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन जैसी विख्यात बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में 67.5 अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणाएं की हैं। इस निवेश का खास फोकस कृत्रिम बौद्धिकता (एआई), आधारभूत ढांचे पर है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से बुधवार को जारी किए गए पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में देश की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

यकीनन मैं वही

यकीनन मैं वही सुनता हूँ जो आप सुनाते रहे, क्योंकि... मैं कान का बहरा नही। मैं वही देखता हूँ जो आप दिखाते रहे, क्योंकि... मैं आँखों का अँधा नहीं। मैं वही बोलता हूँ जो आप समझाते रहे, क्योंकि... मैं ज़ुबान से गूँगा भी नहीं। मुझमें कुछ खास है और वो यह कि ना मैं ऑख हूँ, ना कान, ना ज़ुबान हूँ। मैं हूं ही नहीं, कहीं भी नहीं, कोई गिनती ही नहीं। मैं उन अनगिनत लोगों का हिस्सा हूँजो है ही नहीं... उन अनगिनत लोगों का किस्सा हूँ जो कभी थे ही नहीं... – **राकेश मिश्रा**

हुस्न से गर

हुस्न से गर मिला नहीं होता, तो मेरा सर झुका नहीं होता। भ्रष्ट लोगों को पैसा दूं या न दूं, मुझसे ये फ़ैसला नहीं होता। आसमां की न होती चाहत तो, धरती का ग़म बढ़ा नहीं होता। कश्ती मजबूत होती दिल की तो, लहरों से मैं डरा नहीं होता। धोखा उसका मैं गर पकड़ लेता सामने वो खड़ा नहीं होता। इक दफ़ा माफ़ी मांग लेती वो तो, मैं कभी भी जुदा नहीं होता। दानी ईश्वर को मानने वाला, क्या कभी बेवफ़ा नहीं होता।

– **संजय दानी**

सोचा एक ख़त तेरे नाम लिखूँ प्यार

सोचा एक ख़त तेरे नाम लिखूँ प्यार लिखूँ या कोई पैगाम लिखूँ या लिख दूँ वो यादें वो तन्हइयाँ या अधूरे वो सारे ख़्वाब लिखूँ या दिल के उफ़नते ज़ज्बात लिखूँ वो उदास -उदास सी शाम लिखूँ या वो तन्हा- तन्हा रात लिखूँ सोचती रह गयी क्या लिखूँ या बस कोरे कागज पर बस एक तेरा ही नाम लिखूँ एक कोरा पन्ना तेरे ही नाम.... – **डेज़ी जयसवाल**

एक जुस्तजू है मेरे भीतर जुनून की इन्तहा

एक जुस्तजू है मेरे भीतर ज़ुनून की इन्तहा तलक़ मेरे भीतर गहराते सन्नाटे को क्यों तुम परिभाषित नहीं कर पाते मैं मन से आज भी प्रेम जोगन वही बावरी हूँ जिसका प्रेम शापित हो गया है। कौन से पारदर्शी अवरुद्ध घेरे हैं तुम को जो तुम्हारे भीतर की रिक्तता को सिमटने नहीं दे रहे...देखो ना मेरे ज़ुनून की इन्तहा को अंज़ाम ए वस्ल नहीं मिल रहा ।। – **रश्मि अभय**

सबसे बड़ा व्यापारी हर आदमी जो है

सबसे बड़ा व्यापारी हर आदमी जो है दरबारी सबसे बड़ा बुद्धिमान जिसे हो हकमारी का ज्ञान आज का सबसे बड़ा टंटा न जाने क्यों बज रहा है हर तरफ़ घंटा सबसे बड़ा भगत बगुला नहीं , वही जो है पैसे का भगत। – **रामकिशोर उपाध्याय**

मया होगे हे एक जोगिन संग कइसे बितही

मया होगे हे एक जोगिन संग कइसे बितही जिनगी बिच्छल पेंड़वा अउ डारा हे, जेमा बइठे हे वो फुनगी कइसे चढ़बे सरग निसैनी, थेगहा तो कुछू के नइए बस चकवा सहीं बीत जाही का ए जिनगी के खनगी – **सुशील भोले**

सबसे गहरी साधना ज़िम्मेदारी में मिले

सबसे गहरी साधना ज़िम्मेदारी में मिले किये गये कर्तव्य हैं अगर कर्तव्य निर्वहन में ईमानदारी नहीं तो सब विधिविधान साधनायें हो जाती हैं व्यर्थ और हो जाते हैं ईश्वर से असह दण्ड के भागी। ।

– **मधुलिका शुक्ला**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज खर्चों में वृद्धि हो सकती है। परिवार में बहस या माहौल में तनाव मन को परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अनावश्यक विवादों से दूर रहें। यात्रा संभव हो तो टाल दें।

वृषभ : आज कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। विरोधी शांत रहेंगे और सामाजिक रूप से सम्मान बढ़ेगा। हालांकि दोपहर के बाद किसी विवाद की स्थिति बन सकती है, इसलिए संयम रखें।

मिथुन : दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। नई योजनाएं सफल होंगी, सरकारी कार्यों में लाभ मिलेगा। परिवार और भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। छोटी यात्रा संभव है और व्यापारियों के लिए समय शुभ रहेगा।

कर्क : मानसिक अस्थिरता महसूस हो सकती है। परिवार में मतभेद की स्थिति बन सकती है। खर्च अधिक रहेगा और विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई में कम लग सकता है। धैर्य बनाए रखें।

सिंह : आत्मविश्वास रहेगा, लेकिन जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। बड़े फैसले सोच-समझकर लें। सामाजिक सम्मान बढ़ सकता है, पर क्रोध और वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या : आज थकान और मानसिक तनाव रह सकता है। मित्रों या जीवनसाथी से मतभेद संभव हैं। धन खर्च बढ़ सकता है और कार्यस्थल पर सहयोग कम मिलेगा। धैर्य और संतुलन से काम लें।

तुला : आज लाभ की संभावनाएं मजबूत हैं। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। मित्रों के साथ समय बिताने का अवसर मिल सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, हालांकि कार्यक्षेत्र में मेहनत अधिक करनी पड़ेगी।

वृश्चिक : भाग्य का साथ मिलेगा। कार्य आसानी से पूरे होंगे। पदोन्नति या सम्मान मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में लाभ होगा और संतान पक्ष से खुशखबरी मिल सकती है।

धनु : आज थकान और बेचैनी रह सकती है। यात्रा टालना लाभकारी रहेगा। संतान की चिंता हो सकती है। अधिकारियों से बातचीत में सावधानी रखें और विवाद से दूर रहें।

मकर : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। धन खर्च अधिक रहेगा। व्यापारिक साझेदारी में मतभेद संभव हैं। ऑफिस का माहौल अनुकूल नहीं रहेगा, इसलिए सावधानी से आगे बढ़ें।

कुंभ : आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। नए लोगों से मुलाकात लाभदायक हो सकती है। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा और भागीदारी से लाभ संभव है। दिन रोमांच और उत्साह से भरा रह सकता है।

मीन : शुरुआत में चिंता और स्वास्थ्य समस्या परेशान कर सकती है। आकस्मिक खर्च भी संभव है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत के किस राज्य में गाँवों की संख्या सर्वाधिक है?

2) दृष्टिबाधितों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य में खोली गई?

3) युद्ध अनाथों का विश्व दिवस कब मनाया जाता है?

4) 2025 में किस भारतीय राज्य ने अब तक का सबसे ज्यादा अंगदान किया?

5) संगीत कलानिधि पुरस्कार 2026 किस वायलिन वादक को मिला?

उत्तरमाला- (1) उत्तरप्रदेश , 106747 (2) उत्तरप्रदेश (3) 06 जनवरी (4) कर्नाटक (5) आर. के. श्रीरामकुमार

पहेली

शब्द सामर्थ्य -280

दुर्ग में 129.50 करोड़ से बनेगा एसटीपी

■ बघेरा क्षेत्र में सर्वे शुरू, स्वीकृति के बाद शुरू होगा काम

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के निर्माण के लिये शासन ने पहले चरण में 129.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। शहर की इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए शासन द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। नालों से निकलने वाले गंदे पानी को वैज्ञानिक तरीके से शुद्ध कर उसे सुरक्षित रूप से निस्तारित करने के लिये एसटीपी स्थापित किया जाएगा।

नगर निगम क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र को छोड़कर शहर के किसी भी वार्ड में अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम नहीं है। इसके कारण नालों का गंदा पानी सीधे शिवनाथ नदी में मिल रहा है और इससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम के निर्माण से पूर्व एस.टी.पी. का निर्माण अनिवार्य है। बिना एस.टी.पी. के सीवरेज नेटवर्क का कोई औचित्य नहीं रहेगा। गंदे पानी के शोधन की समुचित व्यवस्था आवश्यक है। इसी कारण शासन ने पहले एस.टी.पी. निर्माण को प्राथमिकता दी है।

वर्तमान में सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बघेरा क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट और तकनीकी परीक्षण पूर्ण होने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही बघेरा क्षेत्र में सीवरेज सुधार और निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह क्षेत्र पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है।

एसटीपी बनने के बाद पूरे शहर में फैलेगा सीवरेज नेटवर्क

एसटीपी निर्माण पूरा होने के बाद शहर के अन्य क्षेत्रों में भी अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम के लिए चरणबद्ध प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। इससे नालियों में बहने वाले गंदे पानी, जलभराव, बदबू और बीमारियों की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से दुर्ग शहर की स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी। भू-जल प्रदूषण में कमी आएगी और नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिलेगा।

■ न्यूज गैलरी

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन से मिले विधायक ललित चंद्राकर

दुर्ग। भाजपा के नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से विधायक ललित चंद्राकर ने सौजन्य भेंट की और उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नवीन दायित्व ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक रोहित साहू, राजीव लोचन दास महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। ललित ने कहा कि नितिन नबीन का सशक्त संगठनात्मक अनुभव, स्पष्ट दृष्टि और समर्पित नेतृत्व पार्टी के विस्तार और सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

निगम के कुर्की दल ने वसूल किये 9.13 लाख

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर गठित कुर्की दल द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार को जोन-2 वैशाली नगर और जोन-4 शिवाजी नगर क्षेत्र के बकायादारों से राशि 9.13 लाख रुपये वसूल किया गया। कुर्की दल में सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, सुनील जोशी, विनय शर्मा, हरि ओम गुप्ता, संजीव तिवारी, कृष्ण कुमार सुपैत, समीर अहमद, मंगल, सतनाम, ईश्वर चन्द्र, पी मधुसुदर आदि उपस्थित रहे। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि निगम के लंबित करों का भुगतान वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व करें और अधिभार से बचे।

गौठान में स्थल निरीक्षण करने अधिकारियों की ड्यूटी

भिलाईनगर। नगर निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय द्वारा पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कोसानगर गौठान में गौ-सेवा और स्थल का प्रतिदिन निरीक्षण करने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जोन-1 आयुक्त अजय राजपूत (सोमवार), कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल (मंगलवार), सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू (बुधवार), उप अभियंता रीमा हुमाने (गुरूवार), उप अभियंता बसंत साहू (शुक्रवार), नोडल अधिकारी विनय शर्मा (शनिवार) और स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली (रविवार) को स्थल निरीक्षण करेगें। जोन-4 खुर्सीपार के जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे किसी भी दिवस आकस्मिक निरीक्षण कर सकेंगे। संबंधित अधिकारी निर्धारित दिवस के दिन गौ-सेवा स्थल पर व्यवस्था की जानकारी और निरीक्षण का जियो टैग लोकेशन व्हाटसअप ग्रुप में शेयर करेगें। अधिकारी संधारित रजिस्टर में आवश्यक सुधार हेतु टीप भी अंकित करेगें।

पीडब्लूडी प्रभारी देवनारायण की दो टूक, विकास कार्यों में लाएं कसावट

■ धीमे काम पर होगी सख्ती, एजेंसियों को मिलेगा नोटिस

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में नगर निगम के लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में शहर में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नगर निगम की कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, राजेन्द्र धबाले, विनोद मांझी, मोहित मरकाम, अर्पणा मिश्रा, करण यादव, पंकज साहू, प्रेरणा दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान चंद्राकर ने अधोसंरचना मद और 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत जानकारी और रिपोर्ट अधिकारियों से मांगी। विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चंद्राकर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ गति लाएं, ताकि आम नागरिकों को समय पर इनका लाभ मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन एजेंसियों के कारण कार्यों में देरी हो रही है, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा।

भिलाई बचाओ आंदोलन : विधायक देवेंद्र 25 जनवरी को करेंगे इस्पात भवन तक पैदल मार्च

मार्च से पहले वार्डों का दौरा कर भिलाईवासियों से करेंगे विचार विमर्श

भिलाई नगर/नवप्रदेश। विधायक देवेन्द्र यादव ने भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन की नीतियों और फैसलों को लेकर जनजागरण अभियान शुरू का शंखनाद कर दिया है। मीडिया से बातचीत करते हुए आज देवेंद्र ने कहा कि सेल-बीएसपी प्रबंधन की निजीकरण की नीति के खिलाफ जनजागरण अभियान शुरू किया जा रहा है। वे सभी सेक्टरों का दौरा कर भिलाईवासियों से विचार विमर्श करेंगे। इसके बाद 25 जनवरी को इस्पात भवन तक पैदल मार्च करेंगे।

देवेंद्र ने कहा कि टाउनशिप से जुड़े विषयों को लेकर उन्होंने पांच दिनों तक भिलाई सत्याग्रह किया था। सेल-बीएसपी प्रबंधन के प्रभारी डायरेक्टर इन चार्ज से रिटेंशन स्कीम, दुकानों के लीज नवीनीकरण समेत अन्य विषयों पर चर्चा हुई थी। प्रबंधन की ओर से पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय सेक्टर - 9 को लीज पर न देने, अस्पताल में कार्य करने वाले कर्मचारी और पूर्व कर्मचारियों की सुविधाएं यथावत रखने और मैत्री बाग को किसी भी संस्थान को न देने की सहमति बनी थी।

रिटेंशन स्कीम के तहत आवासों की किराया दर में की गई बढ़ोतरी को वापस लेने या लाइसेंस पर देने के विषय पर अब तक प्रबंधन का फैसला नहीं आया है। टाउनशिप क्षेत्र के व्यापारी वर्ग की दुकानों के लीज नवीनीकरण और रजिस्ट्री शुल्क को कम करने के संबंध में भी निर्णय नहीं लिया गया है।

इन सभी मुद्दों को लेकर जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। पहले वार्डों का भ्रमण कर भिलाईवासियों से विचार विमर्श किया जाएगा। 12 जनवरी से इसकी शुरूआत होगी। वार्डों में जाकर रिटेंशन स्कीम और लायसेंस के तहत आवंटित आवासधारियों से भेंट-मुलाकात कर उनकी राय लेंगे। आवासों की वस्तुस्थिति की जानकारी ली जाएगी। सबकी राय लेने के बाद 25 जनवरी को भिलाई स्टील प्लांट के इस्पात भवन तक पैदल मार्च किया जाएगा।

देवेंद्र ने कहा कि 5 दिन का उपवास रखने के बाद प्रबंधन चर्चा के लिए तैयार हुआ। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय सेक्टर-9 को लीज पर न देने, अस्पताल में कार्य करने वाले कर्मचारी और पूर्व कर्मचारियों की सुविधाएं यथावत रखने और मैत्री बाग को किसी भी संस्थान को न देने की सहमति बनी थी। रिटेंशन स्कीम को लेकर प्रबंधन की ओर से जवाब नहीं आया है। भिलाई का जनप्रतिनिधि होने की हैसियत से अब वे इन सभी मुददों का निराकरण कराएंगे। हर समस्या का समाधान संपर्क और संवाद स्थापित कर किया जा सकता है, लेकिन सेल-बीएसपी प्रबंधन संवाद ही स्थापित नहीं करना चाहती है। ऐसा नहीं चलेगा। प्रबंधन कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति देकर अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकता। उन्हें आपस में चर्चा कर समाधान करना होगा। हम लोगों के बीच जाकर संवाद स्थापित करेंगे।

बीजेपी में कुश्ती : सीनियर नेताओं को जूनियर नेता उठाकर पटक रहे, संगठन कर रहा मदद

बालोद में 9 जनवरी से प्रस्तावित जंबूरी के आयोजन को लेकर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बीच चल रही खींचतान को लेकर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि बीजेपी नेताओं के बीच इस समय कुश्ती चल रही है। दुख की बात है कि पार्टी के सीनियर नेताओं को बार-बार जूनियर नेता उठाकर पटक रहे हैं। संगठन चुपचाप यह सब होने दे रहा है। इसमें जूनियर नेताओं की मदद भी कर रहा है। देवेंद्र यादव ने कहा कि बीजेपी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं है और इसका असर प्रशासनिक फैसलों पर भी पड़ रहा है। गौरतलब है कि बालोद में होने जा रहे रोवर-रेंजर जंबूरी 2026 को लेकर कांग्रेस ने आयोजन से जुड़े टेंडर प्रक्रिया में गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

खुर्सीपार क्षेत्र में आयुक्त ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

भिलाईनगर/नवप्रदेश। निगम आयुक्त राजीव पांडेय और जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने आज जोन 4 का सघन दौरा किया और विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। खुर्सीपार मिनी स्टेडियम के पीछे बने एसएलआरएम सेंटर को जल्द प्रांरभ कराने और शौचालय की साफ- सफाई कराने निर्देशित किया गया। समीपस्थ कालोनी वासियों द्वारा सुगम यातायात के लिये सड़क बनाने की मांग की गई थी। नागरिकों के मांग पर डामरीकरण किया गया है। आयुक्त ने डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। खुर्सीपार में पूर्व में बने इंडोर स्टेडियम बेहतर संचालन और रखरखाव के लिये रुचि की अभिव्यक्ति के तहत एजेंसी नियुक्त करने के निर्देश जोन अधिकारियों को दिये गए। निरीक्षण के दौरान पार्षद विनोद सिंह भी मौजूद रहे।

श्रीराम चौक के समीप बने क्रिकेट स्टेडियम में खेल की प्रेक्टिस कर रहे खिलाडियों से समस्याओं की जानकारी ली गई और स्टेडियम को व्यवस्थित कराने निर्देशित किया गया। खुर्सीपार क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा को देखते हुए सीवरेज लाइन का संधारण कार्य किया जा रहा है।

आयुक्त ने संधारण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव व सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

उतई में गंदा पानी पीने से 2 वार्डों में फैला पीलिया

डॉक्टरों की टीम ने घर-घर जाकर की जांच, हैंडपंप किया बंद, पानी का लिया सैंपल

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पंचायत उतई के वार्ड 14 और 15 में गंदा पानी पीने से पीलिया फैल गया है। करीब एक माह से इलाके में पीलिया के मरीज मिल रहे हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि नालियों में भरे गंदे पानी के कारण घरों और सार्वजनिक हैंडपंपों के जलस्त्रोत दूषित हो गए। इसके कारण नल से बदबूदार पानी आने लगा है।

सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। करीब 20 मरीजों के घर जाकर स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकांश परिवार बोरिंग या हैंडपंप के पानी का उपयोग कर रहे थे। वार्ड में एक कॉमन हैंडपंप को एहतियातन बंद कर दिया गया है। सभी संदिग्ध जलस्त्रोतों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वार्ड 15 में एक नल कनेक्शन के सामने एक घर में 12 लोग रहते हैं, जिनमें से तीन लोग पीलिया से पीड़ित पाए गए। आसपास के घरों के पानी के सैंपल भी लिए गए। वार्ड 14 में पहले 12 मरीज मिले थे। स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है कि वार्ड 14 के सभी मरीज अब ठीक हो चुके हैं।

बीएमओ डॉ. देवेंद्र बेलचंदन ने बताया कि डॉक्टरों की टीम ने प्रभावित घरों का निरीक्षण किया है। फिलहाल दो नए घरों में हल्के लक्षण दिखाई दिए थे, लेकिन उनकी स्थिति सामान्य है। स्वास्थ्य विभाग ने क्लोरीन टैबलेट और दवाइयों का वितरण किया है। लोगों को केवल उबला हुआ पानी पीने की सलाह दी गई है। मितानिनों द्वारा घर-घर सर्वे कर निगरानी रखी जा रही है। साफ सफाई और खान-पान में सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र में एहतियातन सार्वजनिक हैंडपंप और बोरिंग बंद कर दिए गए हैं। नगर पंचायत द्वारा टैंकर से शुद्ध पानी की आपूर्ति की जा रही है। नालियों की सफाई और कीटनाशक छिड़काव का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक ने बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही। वार्ड 14 और 15 में टीम लगातार निगरानी बनाए हुए है।

7 वर्ष का कारावास

दुर्ग। जिला सत्र न्यायाधीश के विनोद कुंज की अदालत ने आरोपी रवि यादव को धारा 397 के तहत 7 वर्ष सश्रम कारावास, 500 रुपए अर्थदंड, धारा 341 के तहत एक माह साधारण कारावास 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। रवि ने अमित क्षेमे बंजाकर को आर्यन स्कूल के पास सुनसान जगह पर चाकू दिखाकर 14 सौ रुपए लूटे थे।

कुम्हारी में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम, महिलाओं की सशक्त भूमिका पर मंथन

कुम्हारी/नवप्रदेश। कुम्हारी और आसपास के लगभग 10 गांव की महिलाएं सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में शामिल हुई। समाज और इतिहास में महिलाओं की प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित करने वाले उद्बोधन के साथ ही महिलाओं ने नृत्य-संगीत के रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। सैनिक परिवारों की महिलाओं का सम्मान किया गया। लंगड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, पिरामिड बनाओ, कौन पहले दीप जलाए जैसी कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजना से देश भर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीता राय रहीं। विशिष्ट वक्ता सुनीता साहू और मुख्य वक्ता टाकेश्वरी साहू ने वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शारदा मौर्य और जागेश्वरी देवांगन ने किया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य मनीष साहू ने किया। स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिये खेल मनोरंजन की गतिविधियां आयोजित की गई जिनमें सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

राजनांदगांव में धमकी के बाद दुर्ग न्यायालय की बढ़ी सुरक्षा, मेटल डिटेक्टर से हुई जांच

दुर्ग/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिलने के बाद दुर्ग जिले में भी ऐहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गुरुवार को दुर्ग न्यायालय परिसर में रूटीन चेकअप के साथ-साथ बम की धमकी को लेकर व्यापक सर्चिंग अभियान चलाया गया। न्यायालय परिसर और उसके आसपास पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। सुरक्षा जांच के तहत दुर्ग न्यायालय परिसर के चारों प्रवेश द्वार पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर) लगाए गए हैं। न्यायालय में आने-जाने वाले हर व्यक्ति की जांच की गई। डॉग स्क्वॉड की टीम ने पूरे परिसर में बम और संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी ली। पुलिस ने न्यायालय परिसर के अंदर और बाहर लगभग 60 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिससे किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। धमकी भरे ई-मेल की सूचना के बाद जिले के अधिवक्ताओं में भी सुरक्षा को लेकर चिंता देखी गई। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि न्यायालय परिसर के सभी प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और स्थायी चेक पोस्ट बनाया जाए, जिससे संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके।

अधिवक्ताओं का कहना है कि दुर्ग जिला जनसंख्या के अनुपात में प्रदेश का दूसरा बड़ा न्यायालय है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पक्षकारों के साथ अधिवक्ताओं का आना-जाना होता है। ऐसे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम बेहद जरूरी हैं। इस मामले में क्राइम डीएसपी एलेक्सजेंडर किरो ने बताया कि दुर्ग एसपी के निर्देश पर न्यायालय परिसर में प्रतिमाह रूटीन चेकिंग की जाती है। आज की जांच भी उसी प्रक्रिया का हिस्सा है। फिलहाल स्थिति सामान्य है और किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं।

भिलाई इस्पात संयंत्र... वित्तीय अनुशासन और संगठनात्मक लक्ष्यों के अनुरूप बनाए रखने पर जोर

फाइनेंस फॉर नॉन-फाइनेंस मैनेजर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा फाइनेंस फॉर नॉन फाइनेंस मैनेजर्स विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गैर-वित्तीय पृष्ठभूमि से जुड़े प्रबंधकों में वित्तीय समझ को सुदृढ़ करना और उन्हें प्रभावी और विवेकपूर्ण व्यवसायिक निर्णय लेने में सक्षम बनाना था। क्षमता-विकास पहल के रूप में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से 34 प्रबंधकों ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम ने किया। उन्होंने प्रबंधकीय भूमिकाओं में वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिचालन निर्णयों को वित्तीय अनुशासन और संगठनात्मक लक्ष्यों के अनुरूप बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उद्घाटन सत्र में उपस्थित महाप्रबंधक प्रभारी व विभागाध्यक्ष (एचआरएलएंडडी) एसके श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को निरंतर अधिगम की भावना विकसित करने और अपने व्यवसायिक कौशल को निरंतर सशक्त करने के लिए प्रेरित किया। महाप्रबंधक एचआरएलएंडडी, एमटीआई रांची एसके मलिक ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। सत्रों के दौरान वित्तीय विवरणों की समझ, वित्तीय विश्लेषण, लागत निर्धारण और वित्तीय दृष्टिकोण से निर्णय-निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उद्घाटन सत्र का संचालन उप प्रबंधक जोजन जोस द्वारा किया गया। कार्यक्रम समन्वयक के रूप में के. शिवा ने सक्रिय भूमिका निभाई। संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सुचारू संचालन महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सौरभ वार्ष्णेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

बीएसपी के एसएमएस-2 में सुरक्षा माह के अंतर्गत वर्क्स बिल्डिंग 26 में व्यापक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) डी. सत्पथी और कार्यकारी विभागाध्यक्ष एसएमएस-2 एस. देबसिकदार ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रक्रियाओं के कठोर अनुपालन, जोखिमों की पूर्व पहचान (प्रो-एक्टिव हैजर्ड आइडेंटिफिकेशन) और सुरक्षा को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने बल दिया। उन्होंने कर्मचारियों और श्रमिकों से आह्वान किया कि वे सुरक्षित कार्य व्यवहार को दैनिक कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाएं और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्रिय योगदान दें। सुरक्षा विषय पर आधारित लघु नाट्य प्रस्तुति, सुरक्षा पर केंद्रित कविताओं का सस्वर पाठ और 'नियर मिस' घटनाओं के लिए कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

कांग्रेस पार्षद दल ने लगाया हाथ ठेला खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप

दुर्ग/नवप्रदेश। हाथ ठेला खरीदी में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए कहा कि जेम पोर्टल से भिलाई, रिसाली और दुर्ग नगर निगम में अलग-अलग दरों पर खरीदी की गई है। जेम पोर्टल में दर एक ही रहती है। शिकायत में कहा गया है कि 15 वें वित्त आयोग के माध्यम से तीनों नगर निगमों में भिलाई, रिसाली और दुर्ग नगर निगम में हाथ ठेला खरीदी माध्यम से की गई। लेकिन तीनों निगमों में अलग अलग दर पर खरीदी की गई।

भिलाई में हाथ ठेला 7859 रुपये, रिसाली में 8000 रुपये और दुर्ग में 13011 रुपये में खरीदा गया। जेम पोर्टल से की गई खरीदी का रेट लगभग एक समान रहता है। दुर्ग जिले के तीनों नगर निगमों में दरों में इतना बड़ा अंतर समझ से परे है। इस मामले में खरीदी से जुड़े निगम के अधिकारियों का कहना है कि जेम पोर्टल से खरीदी में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं है।

कांग्रेस पार्षद दल का कहना है कि दुर्ग नगर निगम में जो हाथ ठेला खरीदा गया है, उसका वजन और साइज भिलाई, रिसाली निगमों से अलग है। रिसाली निगम में 140 लीटर क्षमता और 470 किलोग्राम वजन के ठेले उपलब्ध हैं। इसके मूल्य में भी बड़ा अंतर है। इससे साफजाहिर है कि खरीदी में बहुत बड़ी गड़बड़ी की गई है। निगम अधिकारियों का कहना है कि जेम पोर्टल में क्वालिटी और स्पेसिफिकेशन के अनुसार अलग-अलग रेट निर्धारित होते हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व सभापति राजेश यादव सहित पार्षद दीपक साहू, भोला महोबिया, ललित भारद्वाज, जनार्दन नागर, गिरीश उमरे, विजय शर्मा, सुशील साहू ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। जांच और कार्रवाई न होने पर कांग्रेस पार्षद दल द्वारा निगम का घेराव किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

सहकारी शक्कर कारखाना में पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध नहीं हाने से पेराई कार्य प्रभावित

कवर्धा/नवप्रदेश। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया में वर्तमान में 11000 से अधिक अंशधारी सदस्य है, जिसमें से मात्र 7000-8000 सदस्य ही कारखाना में गन्ना आपूर्ति करते हैं जिससे कारखाना को पेराई हेतु पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध नहीं हो पाता एवं समय से पूर्व पेराई बन्द करना पड़ जाता है। 150 करोड़ रू. से अधिक की लागत से निर्मित कारखाना का संचालन क्षमता के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। कारखाना में गन्ना विक्रय करने वाले सदस्यों को शासन से प्रोत्साहन राशि, रियायती दर पर शक्कर व प्रेसमड़ का लाभ भी प्राप्त होता है। संस्था की उपविधि क्रमांक 7 (2) के अनुसार सदस्यों को अपने द्वारा उत्पादित गन्ना संस्था में अनिवार्य रूप से विक्रय करना है। उपविधि क्रमांक 9 (ब) 5 के अनुसार यदि कोई सदस्य संस्था के गठन के उद्देश्यों के विरूद्ध कार्य करता हो या संस्था को अपने द्वारा उत्पादित गन्ने का विक्रय नहीं करता हो उसे सदस्यता से हटाया जा सकता है। अतः उक्त प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में यदि कोई अंशधारी सदस्य कराये गये सर्वे अनुसार अपने द्वारा उत्पादित गन्ने का विक्रय कारखाने में नहीं कर रहे हैं, उनकी अंशराशि जब्त कर सदस्यता समाप्ति संबंधी कार्यवाही करने का निर्णय लिया जावेगा।

उच्च जोखिम वाली 1667 गर्भवती महिलाओं का किया गया नि:शुल्क सोनोग्राफी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच एवं उपचार किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब तक 1667 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा चुकी है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले में गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल उपलब्ध कराने प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान किया जाता है। अभियान अंतर्गत पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म हुआ हो, जिनका वजन या ऊंचाई कम हो, कम उम्र में गर्भधारण किया हो, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या किसी अन्य बीमारी से ग्रसित महिलाओं की जांच की जाती है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक सप्ताह दूरभाष के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी एवं सलाह दी जा रही है।

किसानों की सुविधा के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में बढ़ाए गए अतिरिक्त प्रावधान

कवर्धा/नवप्रदेश। राजस्व विभाग के अधिकारियों और पटवारियों द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन के उपरांत ÷विवरण संशोधन÷ का प्रावधान 7 जनवरी 2026 तक सभी समितियों के समिति लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है। इसके साथ ही कृषकों द्वारा खसरा एवं रकबा सुधार, कैरी फारवर्ड फसल विवरण, नवीन पंजीयन तथा रकबा संशोधन जैसी प्रक्रियाओं के लिए लगातार किए जा रहे अनुरोधों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन ने एकीकृत किसान पोर्टल में अतिरिक्त प्रावधान करने का निर्णय लिया है। आदेशानुसार सभी समितियों के समिति लॉगिन में अब कैरी फारवर्ड रिमार्क एवं विवरण की प्रविष्टि 15 जनवरी 2026 तक की जा सकेगी। वन अधिकार पट्टाधारी कृषकों के नवीन पंजीयन की सुविधा भी 15 जनवरी 2026 तक उपलब्ध रहेगी। विभिन्न प्रकार के विवरण संशोधन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। जिन प्रकरणों में आधार संख्या त्रुटिपूर्ण है, वहां पूर्व पंजीयन को निरस्त कर नया पंजीयन करने की अनुमति 15 जनवरी 2026 तक दी गई है।

सड़क घेरकर व्यापार करने वालों पर सख्त प्रहार, अवैध ठेले जब्त

नवीन बाजार में अतिक्रमण पर नगर पालिका का बुलडोज़र एक्शन

कवर्धा/नवप्रदेश। नवीन बाजार में गुरूतेग बहादुर चौक से लेकर रेवाबंद मार्ग, विंध्यवासिनी मार्ग तक व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों द्वारा सड़क में अतिरिक्त बांस बल्ली लगाकर व्यवसाय किया जा रहा था जिससे आवागमन के साथ-साथ यातायात बाधित हो रहा था लगातार आ रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल सहित सभापति, पार्षदगणों ने नगर पालिका अधिकारी, मानव बल के साथ अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने की कार्यवाही किया।

अतिक्रमण कार्यवाही के लिए नगर पालिका द्वारा ट्रैक्टर वाहन, जेसीबी वाहन, मानव बल सहित क्रेन के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किया गया एवं कार्यवाही में

अवैध ठेलों की हुई जब्ती: अवैध ठेलों की जब्ती बनाया गया तथा बांसी बल्ली से सड़क पर व्यवसाय कर रहे लोगों को हटाया गया। आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति एवं पार्षदगणों की उपस्थिति एवं नगर पालिका अमला, पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए ठेलों की जब्ती बनाई गई तथा बांस-बल्ली के सहारे सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे अतिक्रमणकारियों को तत्काल हटाया गया।

यातायात व्यवस्था में होगा सुधार: नवीन बाजार क्षेत्र अंतर्गत गुरूतेग बहादुर चौक से लेकर रेवाबंद मार्ग एवं विंध्यवासिनी मार्ग तक लगातार हो रहे अतिक्रमण से यातायात प्रभावित हो रहा था साथ ही लोगों द्वारा अनाप-शनाप अवैध ठेलों को रखकर अवैध किराया वसूली भी किया जा रहा था कुछ व्यवसायियों द्वारा बांस-बल्ली लगाकर तथा सड़क पर अवैध ठेले रखकर खुलेआम अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था। इससे आम नागरिकों का पैदल एवं वाहन आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा था और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई गई थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर पालिका प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्णायक कार्रवाई की।

जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ने की धमकी अफरा तफरी का माहौल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज 8 जनवरी को जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी की सूचना मिलते ही अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया जिला एवं सत्र न्यायालय (डीजे कोर्ट) की शासकीय ई-मेल आईडी पर एक संदिग्ध मेल प्राप्त हुआ, जिसमें कोर्ट परिसर में बम प्लांट किए जाने की धमकी दी गई। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

तत्काल कार्रवाई करते हुए राजनांदगांव जिले की बीडीएस (बम डिस्पोजल स्क्वॉड) टीम, डॉग स्क्वॉड एवं अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया। कोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच शुरू कर दी गई है। सुरक्षा के मद्देनज़र आवश्यक एहतियाती कदम उठाए गए हैं। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, यह मेल वीपीएन के माध्यम से भेजा गया है, जिससे इसकी ट्रेसिंग में समय लग सकता है। पुलिस द्वारा साइबर सेल की मदद से मेल की तकनीकी जांच की जा रही है। साथ ही, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पड़ोसी जिलों से भी बीडीएस टीम मंगाई गई है, जो शीघ्र ही मौके पर पहुंचकर जांच

में सहयोग करेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने तक सतर्कता बनाए रखी जा रही है। मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, जांच एजेंसियां हर पहलू से मामले की पड़ताल कर रही हैं और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

लापरवाही

बम की खबर लगते ही शहर वासियों में जानने की जिज्ञासा उत्पन्न हो गई एवं पुलिस के लाख समझाने के बाद भी लोग कोर्ट के इर्द-गिर्द जाने की कोशिश करते रहे

अपील

प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन में लोगों से अपील की है कि आप सभी अपवाहो पर ध्यान ना दें एवं संयम बनाए रखें।

> आज 8 जनवरी को डीजे कोर्ट में एक मेल आया है संदिग्ध मेल है जिसके माध्यम से कोर्ट परिसर में बम प्लांट करने का आईडी प्लांट करने की सूचना प्राप्त हुई है सूचना प्राप्त होते ही राजनांदगांव जिले की बीडीएस टीम और सभी पुलिस बल मौके पर तैनात हो गए हैं बीड्स टीम और डॉग्स स्काट के द्वारा यहां पर चेकिंग जारी है और पड़ोसी जिलों से भी बीडीएस टीम डिमांड की गई है और वो टीम भी जल्द यहां आ रही है यह मेल वीपीएन के माध्यम से शासकीय मेल आईडी में आया है डीजे कोर्ट आगे साइबर में जांच पर ही पता चलेगी क्योंकि आजकल वीपीएन के माध्यम से भेजे जाते हैं तो उन्हें ट्रेस करने में समय लगता है अपराध भी पंजीबद किया जाएगा।
>
> **अंकित शर्मा,** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव

गंदा पानी की शिकायत पर महापौर सुबह पहुॅचे ममता नगर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ममता नगर वार्ड के कुछ क्षेत्रो में नल में गंदा पानी आने की शिकायत पर महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह निगम के तकनीकि व स्वास्थ्य अमला के साथ वार्ड का निरीक्षण कर लिकेज पाईप लाईन की जॉच करने, साफसफाई करने के साथ साथ क्लोरिन टेबलेट वितरण करने एवं प्रभावित क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव ने ममता नगर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर वार्ड वासियों से रूबरू हुए और गंदा पानी आने के संबंध में जानकारी लिए। उन्होंने जल विभाग के उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे से गंदा पानी आने वाले क्षेत्र के गली नं. 3 व 5 के अलावा आस पास के क्षेत्रों में पाईप लाईन की जॉच करने के निर्देश दिए तथा पानी में नियमित रूप से क्लोरिंन की मात्रा चेक करने कहा। उन्होंने कहा कि गंदे पानी आने या पाईप लाईन लिकेज जैसी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करे तथा प्रभावित क्षेत्र मे टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करे। स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से महापौर श्री यादव ने कहा कि पंचशील कालोनी के पीछे बंद नाला की सफाई कर पानी निकासी करावे। उन्होंने नियमित रूप से गली, सड़क एवं नाली की सफाई करने, समय समय पर किटनाशक दवाईयो का छिडकाव करने, गड्ढे में भरे पानी की कच्ची नाली खोदकर निकासी कराने तथा क्लोरिन टेबलेट का वितरण करने कहा। उन्होने कहा कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र एवं सघन बस्ती में साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, मौसमी एवं संक्रामक बीमारी से बचने समझाईस दी जाए, साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर समुचित साफसफाई किया जाए।

महापौर के निर्देश पर आज ही ममता नगर क्षेत्र में समुचित साफ सफाई कर क्लोरिन टेबलेट का वितरण किया गया। साथ ही पाईप लाईन लिकेज के संभावित स्थल गली नं. 3 व 5 तथा आस पास निगम के जल विभाग के अमला द्वारा खोद कर जॉच एवं सुधार कार्य किया गया तथा पीएचई विभाग को पानी की सेम्पल की जॉच करने भेजने के अलावा निरंतर मानिटरिंग की जा रही है। निरीक्षण के दौरान नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, वार्ड पार्षद श्रीमती संगीता युधिष्ठिर देवांगन सहित वार्डवासी एवं निगम का तकनीकि एव स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

जिले में ओवरलोडिंग और परमिट उल्लंघन पर परिवहन विभाग की कार्यवाही

- परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड मालवाहन और क्षमता से अधिक सवारी वाहनों पर की गई कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर परिवहन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग के दुर्ग उड़नदस्ता दल द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व दुर्ग के उप निरीक्षक श्री ओमकांत मिश्रा ने किया।

जिला परिवहन अधिकारी श्री एमएल साहू ने बताया कि अभियान के दौरान कार्रवाई करते हुए 05 ओवरलोड मालवाहन वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिन पर 1,72,000 का जुर्माना मोटरयान अधिनियम के तहत लगाया गया। 10 बसें, जो निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी परिवहन कर परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रही थीं, उनके खिलाफभी

सख्त कार्रवाई करते हुए 18,500 का जुर्माना लगाया गया।

उन्होंने बताया कि ओवरलोडिंग एवं परमिट उल्लंघन न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ती है। जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि जिले में सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आगे भी ऐसे निरंतर चेकिंग अभियान चलाए जाएंगे।

एनएच-53 पर अंडरपास व सर्विस लेन को मिली मंजूरी

शहर को मिलेगा सुरक्षित, सुगम और एक्सीडेंट-मुक्त यातायात

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के विकास और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ी और ऐतिहासिक पहल सामने आई है। वर्षों से प्रतीक्षित राष्ट्रीय राजमार्ग-53 (ह॥-53) पर अंडरपास एवं सर्विस लेन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों को आखिरकार स्वीकृति मिल गई है। यह निर्णय राजनांदगांव को एक्सीडेंट-मुक्त शहर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

एनएच-53 पर प्रस्तावित अंडरपास एवं सर्विस लेन के निर्माण से सड़क दुर्घटनाओं में भारी कमी आएगी। भारी वाहनों और स्थानीय ट्रैफिक का पृथक्करण संभव होगा नागरिकों, व्यापारियों

एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित आवागमन मिलेगा ट्रैफिक जाम की वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिलेगी।यह परियोजना न केवल यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करेगी बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करेगी। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की स्वीकृति हमारे लाड़ले विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी के सतत प्रयासों, मजबूत नेतृत्व और राजनांदगांव के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम है। डॉ. रमन सिंह जी के मार्गदर्शन में शहर निरंतर विकास के नए आयाम छू रहा है और आमजन के जीवन को सुरक्षित व सुविधाजनक बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। चेंबर ऑफ कॉमर्स ने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी के प्रति हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। चेंबर का मानना है कि इस परियोजना के पूर्ण होने से व्यापार एवं उद्योग को मजबूती मिलेगी शहर के आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी। राजनांदगांव एक आधुनिक व सुव्यवस्थित शहर के रूप में उभरेगा। यह निर्णय स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि शासन एवं जनप्रतिनिधि राजनांदगांव के नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा और भविष्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आभार व्यक्त करने वाले प्रमुख पदाधिकारी कमलेश बैद जी जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, आलोक बिंदल जी प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, तरुण लहरवानी जी प्रदेश मंत्री छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, योगेश खत्री जी कार्यकारिणी सदस्य, चंकी अग्रवाल जी कार्यकारिणी सदस्य आदि शामिल है।

पेज 1 का शेष

जनदर्शन में सुनी आमजन की ...

आज सेवा, संवेदना और समाधान का सजीव उदाहरण बन गया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 1950 आवेदन प्राप्त हुए।मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के दूर-दराज़ अंचलों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही स्पष्ट निर्देश दिए। कई जरूरतमंदों के लिए तत्काल आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई, जिससे यह संदेश और मजबूत हुआ कि जन सरोकारों से जुड़ी समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भरता की राहः जीवन में लौटी गतिशीलताः आज के जनदर्शन ने कई दिव्यांगजनों के जीवन में नई उम्मीद जगाई। रायपुर के खमतराई निवासी श्री जीवन दास मानिकपुरी और आरंग के श्री भारत साहू को मुख्यमंत्री द्वारा बैटरीचलित ट्राइसिकल प्रदान की गई। ट्राइसिकल पाकर उनके चेहरे पर आत्मनिर्भरता की मुस्कान स्पष्ट झलक रही थी। अब उन्हें आवागमन के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इसी तरह रायपुर के चंदू यादव और सुमन साहू को ट्राइसिकल एवं व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं, सुनने की क्षमता खो चुके सागर नायक और उमेश पटेल को तत्काल श्रवण यंत्र उपलब्ध कराए गए, जिससे वे फिर से दुनिया की आवाज़ें सुन सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने बैटरी ...

ने तत्काल बेट्री चालित ट्रायसायकल उपलब्ध कराया। बेट्री चालित ट्रायसायकल मिलने पर बिन्दु बीरे ने मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अब कहीं भी आने-जाने में कठिनाई नहीं होगी, उन्होंने मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता की प्रशंसा की।

भारत, चीन और ब्राजील...

अगर किसी तरह की छूट या राहत देनी भी हो, तो उसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। बिल में राष्ट्रपति को विशेष छूट (प्रेसिडेंशियल वेवर) देने का भी प्रावधान है, ताकि डोनाल्ड ट्रम्प को रूस पर दबाव बनाने की ज्यादा ताकत मिल सके।

बिल को सीनेट में 80' सांसदों का समर्थनः रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने वाला यह बिल एक बाइपार्टिसन यानी द्विदलीय बिल है। यह बिल रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर पेश किया है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम के मुताबिक, इस बिल के अभी 85 सह-प्रायोजक (को-स्पॉन्सर) हैं, यानी सीनेट के 80 प्रतिशत से ज्यादा सांसद इसके समर्थन में हैं।

टीएमसी आईटी सेल ...

यह कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा। सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर प्रतीक के आवास पर पहुंचे। कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं। ममता वहां कुछ देर रुकीं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद वे आई-पीएसी के ऑफिस भी गईं। उन्होंने कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं।

सीएम ममता ने कहा, क्या ईडी और अमित शाह का काम पार्टी की हार्ड डिस्क और उम्मीदवारों की सूची जब्त करना है? यह एक घटिया और शरारती गृह मंत्री है, जो देश की सुरक्षा नहीं कर पा रहा है। मेरी पार्टी के सभी दस्तावेज उठा ले जाया जा रहा है। एक तरफ वे पश्चिम बंगाल में एसआईआर के जरिए मतदाताओं के नाम हटाने का काम कर रहे हैं। दूसरी तरफइस तरह की कार्रवाई की जा रही है। मुझे माफकरें प्रधानमंत्री जी, कृपया अपने गृह मंत्री को कंट्रोल करें। अगर आप हमसे लड़ नहीं सकते, तो आप बंगाल क्यों आ रहे हैं? हमें लोकतांत्रिक तरीके से हराइए। आप हमारी एजेंसियों का इस्तेमाल हमारे कागजात, हमारी रणनीति, हमारे वोटर्स, हमारे डेटा, हमारे बंगाल को लूटने के लिए कर रहे हैं। यह सब करके, आपको जितनी सीटें मिल रही थीं, वे घटकर जीरो हो जाएंगी।

स्टार्टअप और एआई ...

संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई नवाचार का केंद्र अब भारत की ओर स्थानांतरित हो रहा है। स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने कहा कि भारत में अब एआई विकास के लिए मजबूत और अनुकूल माहौल है जिससे देश वैश्विक एआई मानचित्र पर मजबूती से स्थापित हो गया है।

जनगणना 2027-पहला ...

जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। ये ऐप एड्रांयड और आईओएस दोनों पर काम करेंगे। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना में जाति की गिनती शामिल होगी। इससे पहले अंग्रेजों के समय 1931 तक जाति आधारित जनगणना हुई थी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने अप्रैल में लिया था। 2011 की पिछली जनगणना के अनुसार, भारत की आबादी करीब 121 करोड़ थी, जिसमें लगभग 51.5' पुरुष और 48.5' महिलाएं थीं।

छत्तीसगढ़ में पांच जिलों में ...

मोटी परत के चलते दृश्यता भी कम हो रही है, वहीं शाम होते ही शीतलहर का असर तेज हो जाता है। लगातार गिरते तापमान से जनजीवन पर असर पड़ रहा है। खुले में काम करने वाले मजदूर, दूध वाले, सब्जी विक्रेता और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जन चौपाल के माध्यम से बंद किये जा रहे मनरेगा योजना ग्रामीणों तक पहुँचाई गई

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया ब्लॉक के ग्राम खैरडोंगरी में जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को बंद हो रही मनरेगा योजना की जानकारी दी गई। इस जन चौपाल के माध्यम से गांव के गरीब मजदूरों, किसानों एवं आम वर्ग के लोगों को मनरेगा योजना से जोड़ने का कार्य किया गया।

चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को मनरेगा के तहत मिलने वाले रोजगार, मजदूरी, पात्रता एवं कार्य प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। लंबे समय से योजना का फायदा मजदूरों को मिल रहा था जो लोग इससे वंचित न रह जाए, उन्हें पुनः जागरूक किया गया।

इस अवसर पर मनरेगा प्रभारी चोवा राम साहू पूर्व उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी कवर्धा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि मनरेगा योजना का लाभ हर जरूरतमंद मजदूर, किसान और आम नागरिक तक पहुँचे। लेकिन केंद्र की मोदी सरकार मनरेगा को बंद कर मजदूरों के अधिकार को खत्म कर रही है कांग्रेस पार्टी आगे भी इसी तरह जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को भाजपा के दोहरे चरित्र को उजागर करेगी। डोमन मरकाम मंडल अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी छीरपानी/दुल्लापुर घनश्याम साहू जिला महामंत्री जिला कांग्रेस,शरद बांगली पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सह.लोहारा, ललित धुर्वे मंडल अध्यक्ष कुई कुकदूर, बाबूलाल साहू ब्लॉक महामंत्री पंडरिया, कलेश साहू सेक्टर प्रभारी छीरपानी, कन्हैया यादव सेक्टर प्रभारी दुल्लापुर, जीवन सिंह राठौर पूर्व जनपद सदस्य,योगेंद्र साहू मीडिया प्रभारी जिला कांग्रेस,कमलेश निर्मलकर(युवा नेता),उदित सिंह,उदय साहू, संजय श्याम मीडिया प्रभारी मंडल दुल्लापुर, राजकुमार मरावी, चंद्रशेखर साहू, होरीलाल जायसवाल, संतोष साहू, मुन्ना जायसवाल, दुर्योधन मरकाम, राजेश मरकाम, श्यामलाल निषाद, मुकेश साहू, रूपेंद्र साहू, राधे साहू, गेंदालाल पोर्ते, तीतरा चेचाम, सुरेश एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202512104700034 /अ-06अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जितेन्द्र कुमार नाहर पिता- श्री एन.सी. नाहर निवासी मालवीय नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा- चिखली प.ह.नं. 14 रा.नि.म. जेवरा सिरसा, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर से खरीदी गई थी, किन्तु वर्तमान बी-01, विवरण में यह भूमि जितेन्द्र कुमार नाहर (व्यक्तिगत 381 रकबा 1.33 हे भूमि जितेन्द्र नाहर (एच.यू.एफ) के नाम) त्रुटि सुधार कर उक्त भूमि में भूमिस्वामी जितेन्द्र नाहर (एच.यू.एफ) का नाम जो कि सही व सत्य है दर्ज किये जाने के संबंध में न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

बिहान योजना से महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

■ खल्लारी में महिला आजीविका दुकान से रोजगार के खुले अवसर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के खल्लारी क्षेत्र में बिहान योजना के तहत महिला स्वसहायता समूहों द्वारा संचालित आजीविका दुकान से रोजगार सुनिश्चित हो रहा है। बिहान अंतर्गत गठित ओम सत्य साईं स्वसहायता समूह की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाते हुए इस दुकान को स्थापित किया है, जो न केवल स्थानीय उत्पादों का विक्रय केंद्र बन रही है बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। तिरंगा ग्राम संगठन भीमखोज खल्लारी से जुड़ीं महिलाएं, जिनमें संतोषी सिंह (अध्यक्ष), वंदना यादव और माला यादव (सदस्य) शामिल हैं, इस पहल की अगुवाई कर रही हैं। दुकान में सिलाई कार्य से बने उत्पाद, खिलौने, साबुन, सूपा, सारी फिनाइल, मिट्टी के बर्तन और अन्य हस्तशिल्प सामग्री का विक्रय किया जा रहा है। ये उत्पाद पूरी तरह से महिला समूहों द्वारा निर्मित हैं, जो उन्हें सीधे बाजार तक पहुंचाने का माध्यम प्रदान कर रही है। इससे महिलाओं को बिचौलियों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ती।

श्रम कानून का पालन कराने संयुक्त टीम का सोलर पॉवर प्लांट और चिमनी भट्ठा का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में श्रम कानूनों का पालन कराने के लिए जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड द्वारा ग्राम जंगलबेड़ा में निर्माणाधीन सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में श्रम पदाधिकारी डी.एन. पात्र, निरीक्षक विधिक माप विज्ञान सिद्धार्थ दुबे एवं श्रम उप निरीक्षक बेलारसन बघेल उपस्थित रहे।

विधिक माप विज्ञान विभाग की जांच में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। वहीं श्रम विभाग के निरीक्षण में पाया गया कि सोलर पैनल फिटिंग का कार्य ठेकेदार केएसएल क्लिनटेक लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। इस दौरान संविदा श्रमिक अधिनियम 1970, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936 एवं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के अंतर्गत जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि ठेकेदार द्वारा संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के अंतर्गत 200 श्रमिकों हेतु अनुज्ञप्ति ली गई है, किंतु भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के अंतर्गत अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं की गई है। इस पर ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के भीतर उक्त अधिनियम के अंतर्गत अनुज्ञप्ति प्राप्त करना सुनिश्चित करें। साथ ही निरीक्षण में ओवरटाइम एवं वेतन कटौती से संबंधित पंजी संधारित नहीं पाया गया।

इसी प्रकार सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम केन्दूढार स्थित लक्ष्मी ब्रिक्स (चिमनी भट्ठा) का भी निरीक्षण किया गया। यहां श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 एवं वेतन भुगतान अधिनियम 1936 के अंतर्गत जांच की गई। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार का बाल श्रमिक नहीं पाया गया। सूचना प्रदर्शन नहीं पाए जाने पर संबंधित को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। विधिक माप विज्ञान विभाग के निरीक्षण में यहां कोई माप उपकरण भी प्राप्त नहीं हुआ। जिला प्रशासन द्वारा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा एवं श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु इस प्रकार की निरीक्षण कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

महाविद्यालय स्तरीय कहानी कविता लेखन प्रतियोगिता

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय वीर सुरेन्द्रसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में दिनांक 08/01/2026 को महाविद्यालय स्तरीय कहानी/कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गरियाबंद/राजिम/देवभोग महाविद्यालय से कुल 09 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कविता लेखन में प्रथम स्थान - कुछ हर्षिता यदु राजिम लोचन महाविद्यालय, द्वितीय स्थान - कु. देवनंदिनी साहू, राजिम महाविद्यालय, तृतीय स्थान - कु. कामिनी सिन्हा देवभोग महाविद्यालय ने प्राप्त किया। इसी प्रकार से कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -उमाशंकर साहू राजिम लोचन महाविद्यालय, द्वितीय स्थान - घनश्याम सिन्हा गरियाबंद महाविद्यालय, तृतीय स्थान - अभिजीत शर्मा देवभोग महाविद्यालय ने प्राप्त किया। यह कार्यक्रम जिला नोडल प्राचार्य डॉ.आर.के. तलवारे, डॉ. प्रभात रंजन, डॉ. संजय यादव, निर्णायक मंडल के संयोजक - प्रेमानंद महिलांग, सदस्य - डॉ मधुबाला मिश्रा, डॉ ऊष्मा खाण्डेकर, यशवंत पटेल, भेषण लाल साहू एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

नगरी विकासखंड की उचित मूल्य दुकानों में चना वितरण बाधित, कौहवाबाहरा ग्रामीणों बताया

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में इन दिनों चना वितरण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि दुकानों में चावल, नमक एवं शक्कर का वितरण तो किया जा रहा है, लेकिन चना उपलब्ध होने के बावजूद भी प्रदान नहीं किया जा रहा है, जिससे लोगों को बार-बार दुकान के कामकाज छोड़कर आना पड़ेगा

ग्रामीणों के अनुसार, जब इस संबंध में संबंधित सेल्समैन से जानकारी ली गई, तो बताया गया कि हमारे मशीन पोर्टल में चना प्रदर्शित नहीं हो रहा है, जिसके कारण वितरण संभव नहीं है। वहीं, कुछ स्थानों पर जनवरी माह का चना पोर्टल में दिखाई देने के बावजूद भी वितरण नहीं किया गया।

कौवहाबाहरा एवं करैहा गांव की शासकीय उचित मूल्य दुकानों से जुड़े ग्रामीणों–राजकारण मरकाम, चिंटू मरकाम, चन्द्रबत्ती कुंजाम, विजय बट्टी, सुखबत्ती मरकाम, भुनेश्वर मरकाम, चंद्रिका मरकाम, रीना मरकाम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि दिसंबर माह का चना दुकानों में पहुंच चुका है, लेकिन तकनीकी कारणों से वितरण रुका हुआ है।

साथ सेल्समैनों का कहना है कि सर्वर एवं नेटवर्क की समस्या के कारण ई-पॉस मशीन से राशन वितरण में काफी समय लग रहा है। एक हितग्राही को राशन देने में 20 से 30 मिनट तक का समय लग रहा है, जिससे दुकानों में भीड़ बढ़ रही है। ग्रामीणों एवं दुकानदारों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में मोबाइल टावर की रेंज बढ़ाई जाए, ताकि नेटवर्क समस्या का समाधान हो सके।

गांव में ग्रामीणों ने शीघ्र समस्या समाधान की मांग करते हुए कहा है कि समय पर राशन सामग्री नहीं मिलने से उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारी चंदेल से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि धमतरी जिले में वितरण प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जबकि अन्य जिलों में अभी शेष है। सभी जिलों में वितरण पूर्ण होने के बाद ही राज्य शासन द्वारा पोर्टल को पुनः चालू किया जाएगा। पोर्टल खुलते ही शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चना का वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

विवाहिता की संदिग्ध मौत पर मायका पक्ष का आरोप

■ हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम भुरकोनी में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। रश्मि किरण भोई की मौत को लेकर उनके पिता ग्राम जगत निवासी शोभाराम राजहंस ने पति विरेन्द्र भोई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि दहेज की मांग, पति का अवैध प्रेम संबंध और लगातार मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का परिणाम है। पीड़ित पिता ने बताया कि रश्मि किरण का विवाह 20 फरवरी 2025 को सामाजिक रीति-रिवाज से ग्राम भुरकोनी निवासी विरेन्द्र भोई के साथ हुआ था। विवाह के समय सामर्थ्य अनुसार घर-गृहस्थी का सामान, जेवरात और एक स्कूटी उपहार में दी गई थी। बावजूद विवाह के तीन-चार दिन बाद से ही बुलेट या उसके बदले नकद की मांग को लेकर प्रताड़ना शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि 16 मार्च 2025 को मायके आने पर रश्मि ने पहली बार दहेज प्रताड़ना की जानकारी दी। अप्रैल माह में बेटी को ससुराल पहुंचाने पर आरोपी की मांग पर 50 हजार रुपये नकद दिए गए, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति सामान्य रही। लेकिन 1 सितंबर 2025 को फिर से पैसों की मांग को लेकर मारपीट की गई, जिससे आहत होकर रश्मि मायके लौट आई। परिजनों के अनुसार 2 अक्टूबर 2025 को विरेन्द्र भोई स्वयं ग्राम जगत पहुंचा और माफी मांगते हुए भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया। बेटी का घर बसाने के उद्देश्य से परिजनों ने पुनः 50 हजार रुपये देकर उसे ससुराल भेज दिया। इसके बाद 5 अक्टूबर 2025 को रश्मि को पति के एक महिला से अवैध प्रेम संबंध होने की जानकारी मिली। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया। समाज के लोगों की मध्यस्थता के बाद लगभग एक माह पश्चात आरोपी ने दोबारा ऐसी हरकत न करने का भरोसा दिलाया।

नुकीली वस्तु से बार, जान से मारने की धमकी

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस को लक्ष्मीनारायण गोस्वामी 5 जनवरी की रात करीब 10 बजे वार्ड नंबर 6 शिव चौक नयापारा महासमुंद में उसके छोटे भाई शिवा गोस्वामी के साथ पंकज जलक्षत्री किसी बात को लेकर झगड़ा कर रहा था, जब उसने समझाने का प्रयास किया तो आरोपी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए नुकीली वस्तु से बाएं जांघ के पास और बाएं हाथ में बार कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

घोड़ारी में मनाया चावल उत्सव

महासमुंद/नवप्रदेश। घोड़ारी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव कार्यक्रम गुरुवार को मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी अजय जांगड़े, विशिष्ट अतिथि ग्रामीण सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष योगेश पटेल व समिति प्रबंधक पुरानिक साहू, सेल्समेन राधेश्याम जांगड़े, सरपंच प्रतिनिधि सुधीर बंजारे, पंचायत प्रतिनिधि परमेश्वरी भारती, राधेश्याम साहू, लीलाधर जोशी, मनीष बंजारे, मनोज निषाद, राजेश मन्नाडे, रेखा, शीला ओगरे सहित ग्रामीण उपभोक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बाइक कट मारकर चलाने से मना किया, तो पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने कट मारकर बाइक चलाने से मना करने पर मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया है। धरमपुर निवासी चंद्रहास यादव ने शिकायत की है कि 06 जनवरी को वह अपने गृहग्राम धरमपुर से सुबह करीब 10 बजे अपने जीजा मिनीकेतन बगर्ती के साथ बाइक क्रमांक सीजी 06 जीए 6083 से ससुराल ग्राम डोंगरीपाली जाने के लिए निकला था। करीब 12.30 बजे ग्राम टेका पहुंचने पर उक्त गांव के सूर्या ने बाइक कट मारकर चलाया, जिसे उसने मना किया, तो उसने गाली गलौज, मारपीट करते हुए धारदार वस्तु से बांये कंधे में वार किया।

9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम 18 सत्संकल्प पाठ के साथ सम्पन्न हुए

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गायत्री शक्तिपीठ नवापारा में वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन का प्रारंभ देव आवाहन एवं पूजन के साथ हुआ। दोपहर तक इस महायज्ञ की आहुति 6 पालियों में तक चला। नवापारा नगर के सभी मातृशक्तियां इस पूर्णाहुति में शामिल हुए। 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में 4 गर्भ संस्कार, 2 विद्यारंभ, मुंडन 2, अन्नप्राशन 1 एवं 1 कर्ण भेद संस्कार हुए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिला मंडल की बहनों का तिलक के साथ फल भेंटकर सम्मान किया गया।

तीसरे दिन आज पूर्णाहुति के रूप में सभी ने एक बुराई छोड़ने और भगवान से एक अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प भी लिए। यज्ञ संचालन हेतु पधारें टोली के प्रमुख परमानंद महाराज जी ने बताया कि 84 लाख योनियों में मानव योनि पाना अत्यंत दुर्लभ तथा सौभाग्य की बात है तथा समर्थ गुरु का और अध्यात्म का अवलंबन मिल जाना उससे भी बड़े सौभाग्य की बात है।

धरती के अन्य किसी प्राणी को मनुष्यों के जैसी सुविधा प्राप्त नहीं है अतः ऐसे सुअवसर का पूरा-पूरा लाभ उठाकर ऐसा उपयोगी जीवन जीना चाहिए जो मानव समाज के लिए उदाहरण देने लायक बन सके उन्होंने कहा कि ÷अहंकार÷ की कार से उतरकर विनम्रता रूपी कार पर जीवन क्रम चलाना चाहिए और अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों से मधुरता और समता का व्यवहार करना चाहिए ऐसा उन्होंने बताया।

गायत्री परिवार ट्रस्ट नवापारा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी आदरणीय पवन यदु ने स्थानीय नागरिकों से कार्यक्रम में समयदान, साधनदान कर पुण्य लाभ उठाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सत्संकल्प का पाठ कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

कुपोषण में कमी लाने कार्यकर्ता गृह भेंट करें : सीईओ

■ महिला एवं बाल विकास की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा ली। बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष आयोजित हुआ। समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केंद्र जाटवर, समस्त परियोजना अधिकारी, समस्त पर्यवेक्षक एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले में कुपोषण स्तर की समीक्षा उपरांत बच्चों की वजन मापन एवं पर्यवेक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित गृहभेंट कर परिवार के सदस्यों को कुपोषित बच्चों के पालन पोषण, उचित देखभाल व बच्चों के पोषण आहार की आवश्यक जानकारी प्रदाय कर कुपोषण स्तर में कमी लाने, किशोरी बालिकाओं को आयरन फोलिक टैबलेट, गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को टी.एच.आर शत प्रतिशत नियमित रूप से प्रदाय किए जाने हेतु निर्देश किया गया।

सीईओ नंदनवार ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में अधोसंरचना की समीक्षा करते हुए समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में बुनियादी सुविधा जैसे स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय उपलब्ध हो संबंधी निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता- सहायिका की रिक्त पदों की शत प्रतिशत नियुक्ति शीघ्र-अतिशीघ्र किये जाने, आमंत्रित आवेदनों में तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए। आंगनबाड़ी भवन मरम्मत व नवीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृति के संबंध में पत्र प्रस्तुत करने पर आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने को कहा गया। साथ ही साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा उपरांत सभी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने व हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

19 से शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह

महासमुंद/नवप्रदेश। शंकर नगर वार्ड नंबर 1 में 19 से 27 जनवरी तक शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य पं. शिवम कृष्ण शास्त्री होंगे। 19 को गणेश पंचाग पूजन, जलयात्रा, शिव महापुराण महात्म्य कथा, मंगलवार 20 को स्तंभ प्रादुर्भाव, पार्थिव, शिवलिंग महात्म्य, 21 नारद माह, सृष्टि विस्तार वर्णन, 22 सती चरित्र, दक्ष यज्ञ, 23 शिव-पार्वती विवाह उत्सव, 24 गणेश, स्कंध जन्म, 25 जलंधर शंखचूड़ उद्धार, तुलसी महिमा, 26 द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राकट्य, विल्वपत्र वर्षा, चढ़ौत्री, शोभायात्रा एवं 27 जनवरी को महारूद्राभिषेक हवन, गीता सार, पूर्णाहूति के साथ प्रसादी वितरण के साथ कथा विराम होगा।

नगरी में विश्व हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 9 जनवरी को

नगरी/नवप्रदेश। सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं समाज में एकता के उद्देश्य से नगरी नगर में विश्व हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 9 जनवरी 2026 को राजाबाड़ा नगरी में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। आयोजन समिति के अनुसार, यह सम्मेलन समाज को संगठित कर एक समर्थ, सशक्त एवं संस्कारवान भारत के निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करने हेतु आयोजित किया जा रहा है। इस गौरवशाली अवसर पर नगर एवं क्षेत्र के नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ेगी। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में परम पूज्य आचार्य पं. युवराज पाण्डेय (भगवताचार्य, कथावाचक, अमलीपदर-शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में निशा साहू (व्याख्याता) तथा मुख्य वक्ता के रूप में श्री हरिओम शर्मा उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त सनातन धर्मावलंबियों, मातृशक्ति, युवाओं एवं प्रबुद्धजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

मद्भागवत कथा | **भागवत कथा के माध्यम से मनुष्य को ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की प्राप्ति होती है**

परसबोड में श्री मद्भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

धमधा/नवप्रदेश। परसबोड (धमधा) में 1 जनवरी से 9 जनवरी तक आयोजित मद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। कथा व्यास पं. मनोज शर्मा (अध्यात्मवेत्ता, भंडारपुरङ्कडोंगरगढ़) द्वारा संगीतमय मद्भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं।

प्रथम दिवस की कथा में पं. मनोज शर्मा ने कहा कि मद्भागवत साक्षात मोक्ष स्वरूप है। मानव को परम सुख और शांति केवल अध्यात्म से ही प्राप्त हो सकती है और अध्यात्म का संपूर्ण सार मद्भागवत कथा में निहित है। उन्होंने कहा कि जीव को परमात्मा से जोड़ने का श्रेष्ठ माध्यम भागवत कथा है।

कथा प्रसंग में श्रृंगी ऋषि के श्राप और राजा परीक्षित की कथा का वर्णन करते हुए बताया गया कि तक्षक सर्प के डसने से मृत्यु का समाचार सुनकर राजा परीक्षित ने सांसारिक मोह त्याग कर भागवत चिंतन का आश्रय लिया। सद्गुरु शुकदेव जी से भागवत कथा श्रवण कर उन्होंने भगवत कृपा से भगवत गति प्राप्त की।

पं. शर्मा ने कहा कि भागवत कथा का उद्देश्य पिबत भागवतं रसमालयं है, अर्थात जब तक शरीर में चेतना है, तब तक भगवत रस का पान करते रहना चाहिए। भागवत कथा के माध्यम से मनुष्य को ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की प्राप्ति होती है।

प्रह्लाद चरित्र के प्रसंग में उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद को स्तंभ में भगवान के दर्शन हुए, जबकि अहंकारी हिरण्यकश्यप को दर्शन नहीं हुए। इससे यह संदेश मिलता है कि भक्ति दृष्टि से ही ईश्वर के दर्शन संभव हैं। समुद्र मंथन कथा में भगवान कच्छप अवतार तथा भगवान शिव द्वारा विषपान के प्रसंग का वर्णन किया गया। वामन अवतार के संदर्भ में उन्होंने कहा कि जब जीवन में अहंकार बढ़ता है, तब ईश्वर विराट रूप धारण करते हैं, और जब जीवन में सत्य, प्रेम, करुणा और भक्ति आती है, तब वही ईश्वर बाल रूप में प्रकट होते हैं। पंचम दिवस की कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं, माखन चोरी, गोवर्धन पर्वत धारण, महारास लीला सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि कृष्ण की लीलाएं लोक कल्याण हेतु हैं और भागवत कथा मानव जीवन को मधुर व सार्थक बनाती है।

कार्यक्रम अनुसार, बुधवार को सुदामा चरित्र, शुक्रवार को गीता उपदेश, हवन, तुलसी वर्षा, महाआरती एवं महाप्रसादी के साथ कथा का समापन होगा।

मद्भागवत कथा का आयोजन समस्त सेलोकार परिवार के तत्वावधान में किया गया है।

बुजुर्गों एवं दिव्यांग हितग्राहियों को ई-केवायसी कराना जरूरी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राशनकार्डों में ई-केवायसी की प्रक्रिया की जा रही है। खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार स्थानीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से शिविरों का आयोजन कर शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन कार्डधारियों का ई-केवायसी कराया जा रहा है।

इस प्रक्रिया के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा विकसित फेस ई-केवायसी एप मेरा ई-केवायसी के उपयोग हेतु हितग्राहियों को प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिन हितग्राहियों का फिंगरप्रिंट तकनीकी कारणों से सत्यापित नहीं हो पा रहा है, वे वैकल्पिक माध्यम से ई-केवायसी पूर्ण कर सकते हैं। ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निकाय स्तर पर सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों का ई-केवायसी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

साथ ही ऐसे बुजुर्ग एवं दिव्यांग हितग्राही जिनका ई-केवायसी किसी कारणवश पूर्ण नहीं हो पा रहा है, उनके राशन कार्ड में नॉमिनी नियुक्त करने की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नाम मूक माटी एक्सप्रेस

भाटापारा/नवप्रदेश। जैन धर्म संत 108 आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति और उनके विचारों को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए उनकी पुस्तक के नाम पर रायपुरङ्कजबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नाम मूकमाटी एक्सप्रेस कर दिया गया है,जिसका आदेश रेलवे बोर्ड ने जारी कर दिया है,जिसके तहत अब 11701- 11702 रायपुरङ्कजबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 'मूक माटी एक्सप्रेस' के नाम से चलेगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश मोदी ने बताया कि राष्ट्रसंत 108 आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति और उनके विचारों को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने गत अक्टूबर माह में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें रायपुरङ्कजबलपुर एक्सप्रेस का नाम बदलकर आचार्य विद्यासागर महाराज

की प्रसिद्ध रचना ÷मूक माटी÷ के नाम पर रखने की मांग की गई थी. यह मांग देश के विभिन्न राज्यों से जैन समाज व संत-समर्थकों की ओर से लगातार उठाई जा रही थी.

इन मांगों का संज्ञान लेते हुए रेल मंत्रालय की ओर से 7 जनवरी 2026 को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए, जिसके मुताबिक 11701-11702 रायपुरङ्कजबलपुर एक्सप्रेस का अब आधिकारिक नाम मूकमाटी एक्सप्रेस कर दिया गया. ट्रेन का नाम मूकमाटी एक्सप्रेस रखने से सम्पूर्ण भारत वर्ष के जैन समाज में हर्ष है ।

आचार्य विद्यासागर महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें स्थायी सम्मान देने के लिए प्रकाश मोदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है।

न्यूज गैलरी

10 से दो दिवसीय सत्संग

महासमुंद/नवप्रदेश। स्थानीय अंजोरी भवन, शास्त्री चौक के पास 10-11 जनवरी को दो दिवसीय भव्य सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। इस आध्यात्मिक आयोजन में सूरत (गुजरात) स्थित कबीर आश्रम से विवेक साहेब अपनी संत मंडली के साथ प्रवचन देने पहुंचेंगे। वहीं मुरा, धमतरी से साध्वी सुमन साहेब भी अपनी मंडली सहित सहभागिता करेंगी। सत्संग कार्यक्रम प्रतिदिन प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक एवं सायं 3 से 5 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों ने अधिकतम श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की है। उक्त जानकारी रुद्रकुमार व मुकुंद साहू ने दी है।

कबड्डी जैसे खेल युवाओं की प्रतिभा निखारने का सशक्त माध्यम : अमर

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम अमलोर में दो दिवसीय (5-6जनवरी) ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरुण चंद्राकर उपस्थित रहे, अध्यक्षता सरपंच जयप्रकाश यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य दसरी दौलत ध्रुव, उप सरपंच पिंकी निषाद, पूर्व सरपंच थनवर यादव, गजाधर धीवर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। अमर चंद्राकर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिरपुर क्षेत्र में कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल युवाओं की प्रतिभा निखारने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में बेहतर कबड्डी मैदान उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताते हुए खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खिलाड़ी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

गुणवत्तामूलक एवं गतिविधि आधारित शिक्षा पर विशेष जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशन पटेल के प्रवास के दौरान जिले के अकादमिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने प्राचार्य अरुण प्रधान एवं उप प्राचार्य उमादेवी से संवाद करते हुए गुणवत्तामूलक एवं गतिविधि आधारित शिक्षा पर विशेष जोर दिया। डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता टेकराम सेन ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष ने संस्थान की मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने हेतु राज्य स्तर पर चर्चा का आश्वासन दिया। उन्होंने डीएलएड छात्राध्यापकों से संवाद करते हुए उन्हें एक योग्य एवं संवेदनशील शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। पटेल ने शिक्षण कक्ष, कला कक्ष एवं पुस्तकालय का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया तथा जिले में सतत विद्यालय मॉनिटरिंग एवं अकादमिक मार्गदर्शन को मजबूत करने पर बल दिया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक के. सिंग, राजेश चंद्राकर, सुलमा द्विवेदी, संतोष साहू, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, लक्ष्मी सिन्हा, झरना साहू, ईश्वर चंद्राकर सहित समस्त अकादमिक एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्रीराम स्मृति उपवन चांदो में जिला स्तरीय गोष्ठी 10 को

डोंगरगांव/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार की जिला स्तरीय गोष्ठी शनिवार 10 जनवरी को श्री राम स्मृति उपवन ग्राम चांदो में आहूत की गई है। जिसमें जन्म शताब्दी कार्यक्रमों की तैयारी, समीक्षा सहित अन्य गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। गोष्ठी के मुख्य सूत्रधार एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता होरीलाल साहू ने बताया कि जिला स्तरीय गोष्ठी में निर्माणाधीन श्रीराम स्मृति उपवन एवं गायत्री आश्रम के शुभारम्भ कार्यक्रम पर चर्चा एवं कार्ययोजना के निर्धारण पर चर्चा, जन्म शताब्दी 2026 पर चर्चा एवं क्षेत्र मे संचालित कार्यक्रमों की जानकारी तथा जिले मे मिशन के लिए एक वर्षीय कार्ययोजना पर चर्चा एवं निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में प्रमुख रूप से उपजोन के समन्वयक नंदकिशोर सुरजन, जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा सहित विभिन्न शक्तिपीठों के प्रमुख पदाधिकारी और अंचल के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने गायत्री परिजनों से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

थाना डोंगरगांव की अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही जारी

■ **अखबारों में समाचार प्रकाशित होने पर एक्शन में पुलिस**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। अवैध शराब बिक्री पर सख्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा, के द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री/परिवाहन पर कडी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना डोंगरगांव क्षेत्र में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है।

इसी क्रम मे दिनांक 07.01.26 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम राजाखुज्जी मे अवैध रूप से देशी मदिरा रखकर बिक्री हेतु रखा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर बताए गए

स्थान पर घेराबंदी कर एक आरोपी को पकडा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 69 पाव देशी मदिरा 12.420 बल्क लीटर किमती 5,520/- रूपये जप्त की गई। आरोपी का नाम पूछने पर स्वयं का नाम राजीव गिरी गोस्वामी उर्फराजू उर्फधीरेन्द्र गिरी गोस्वामी पिता मंगलगिरी गोस्वामी, उम्र 34 साल, साकिन वार्ड नं0 18 ग्राम राजाखुज्जी, बताया बरामद मदिरा को मौके पर पंचनामा तैयार कर विधिवत जप्त किया गया। आरोपी लंबे समय से क्षेत्र मे अवैध शराब का कोचिया काम कर रहा था जिससे क्षेत्रवासी एवं महिलाऐ बहुत परेशान थी इस कार्यवाही से खुश होकर महिलाओं ने थाना डोंगरगांव का धन्यवाद किया है। इसी क्रम में मुखबिर से अन्य सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम साल्हे मार्ग मे अवैध रूप से देशी मदिरा रखकर बिक्री हेतु रखा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर एक आरोपी को पकडा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 35 पाव देशी मदिरा 06.300 बल्क लीटर किमती 2800/- रूपये जप्त की गई। आरोपी का नाम पूछने पर स्वयं का नाम नुतन कुमार सिन्हा पिता स्व0 चैत राम सिन्हा उम्र 26 साल साकिन ग्राम साल्हे, बताया, बरामद मदिरा को मौके पर पंचनामा तैयार कर विधिवत जप्त किया गया। ज्ञात हो की पिछले पखवाडे में थाना डोंगरगांव द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालो पर कार्यवाही कर लगभग साढ़े पांच पेटी अवैध शराब व दुपहिया वाहन स्कुटी जुपिटर कुल जुमला किमती 71,300/- रूपये एवं 48.600 बल्क लीटर अवैध देशी शराब जप्त किया गया था।

थाना डोंगरगांव द्वारा ये कार्यवाही लगातार जारी रखेगी। इस कार्यवाही में निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, थाना प्रभारी डोंगरगांव, प्रधान आरक्षक 856 बृजमोहन यादव, संदीप देशमुख, आरक्षक, जीतेश साहू, हेमंत सुर्यवंशी, दीपक जाटवर की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

नगरी-सांकरा मार्ग पर बड़ा सड़क हादसा, धान से लदा ट्रक पलटा

■ **सैकड़ों बोरियां सड़क पर बिखरी चालक बाल बाल बचे**

नगरी- नगरी ब्लॉक से एक बड़ी सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है। नगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरीङ्कसांकरा मुख्य मार्ग पर महानदी के पास धान से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। ट्रक में भरी धान की बोरियां सड़क पर बिखर गईं, जिससे कई बोरियां फट गईं और धान को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक छ्त्त 07 छ्त्त 6115 उमरगांव धान खरीदी केंद्र से धान लोड कर संग्रहण केंद्र भोयना, जिला धमतरी की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि ट्रक में करीब 720 कट्टा (लगभग 280 क्विंटल) धान लदा हुआ था। इसी दौरान सांकरा से नगरी मार्ग पर महानदी के समीप हल्के मोड़ पर ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और

वह सड़क पर पलट गया।

हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, हालांकि अनुमान लगाया जा रहा है कि मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहत की बात यह रही कि हादसे में ट्रक चालक सुरक्षित बताया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया गया है कि ट्रक दोपहर करीब 12 बजे उमरगांव से रवाना हुआ था, जिसके कुछ समय बाद यह दुर्घटना हुई।

नवापारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हेरोइन (चिट्टा) के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 6 ग्राम 13 मिलीग्राम हेरोईन जब्त की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत 45 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को नवापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दुलना तिराहा के पास दो व्यक्ति हेरोइन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मुखबिर के बताए गए हुलिए के अनुसार दो व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उनकी पहचान इमरान खान उर्फगोलू (34 वर्ष) निवासी धमतरी

एवं पुरुषोत्तम साहू (29 वर्ष) निवासी कुरूद, जिला धमतरी के रूप में हुई।

6.13 ग्राम हेरोईन जब्त : पुलिस ने दोनों की तलाशी ली गई, जिसमें इमरान खान के कब्जे से हेरोइन जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ। एफएसएल रायपुर की वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा मौके पर जांच के बाद पदार्थ को प्रारंभिक रूप से हेरोईन होना बताया गया। हेरोईन का वजन 6 ग्राम 13 मिलीग्राम पाई गई, जिसे सील बंद कर जब्त किया गया।

कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दामाखेड़ा मेले की तैयारियों की समीक्षा

कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में 23 जनवरी से 1फरवरी तक होगा विशाल संत समागम मेला का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आगामी 23 जनवरी से शुरू हो रहे सन्त समागम समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने मेले में आने वाले अतिथियों और श्रद्धालुओं के रहने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए जहाँ ,बिजली ,पानी,शौचालय और स्नानागार का इंतज़ाम हो।इसके अलावा मेले में रोज़ाना आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर शौचालय और पेयजल में स्पॉट्स बनायें। उन्होंने मेला पहुँच मार्ग और मेला स्थल पर सुरक्षा की चाक

चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समुचित सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस ,होमगार्ड ,स्काउट्स,एनसीसी को भी व्यवस्था में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से मेला स्थल पर 24 घंटें निगरानी रहेगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त हेल्थ वर्कर्स के साथ मोबाइल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर पर्याप्त साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था होनी चाहिए। आपात स्थित से बचने के लिए फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी। उल्लेखनीय है कि माघ मेला बसंत पंचमी 23 जनवरी से प्रारम्भ होकर माघ पूर्णिमा 1 फरवरी 2026 तक चलेगा। 23 जनवरी 2026 को नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब का चादर तिलक समारोह भी होगा इसलिए इस वर्ष अधिक संख्या में श्रद्धालु दामाखेड़ा पहुंचेंगे।

बैठक में एसपी भावना गुप्ता ,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ,एसडीएम अतुल शेटे डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

राजिम कुंभ कल्प के भव्य आयोजन को लेकर निविदाकर्ताओं की प्री-बीड बैठक आयोजित

गरियाबंद /नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जा रहा है। जो कि 1 से 15 फरवरी तक आयोजित होना प्रस्तावित है। जिसके संबंध में पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से आयोजित करने को लेकर मेला आयोजक समिति, जिला प्रशासन एवं इच्छुक निविदकर्ताओं की उपस्थिति में विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। जिसमें कुल 11 निविदकर्ताओं ने प्रत्यक्ष एवं ऑनलाईन माध्यम से जुड़कर मेला के निविदा संबंधि बजट एवं

प्रस्तुतीकरण को लेकर सार्थक चर्चा हुई जिसमें सम्मिलित निविदकर्ताओं से आयोजन में शामिल मेला के केंद्रीय थीम के चुनाव को लेकर विभिन्न सुझाव लिए गए तथा इच्छुक निविदाकर्ताओं द्वारा तकनिकी एवं शर्तों से संबंधित बिंदुओं पर प्रश्न प्रस्तुत किए गए, जिसका विभागीय अधिकारी द्वारा सभी प्रश्नों का स्पष्ट एवं संतोषजनक निराकरण किया गया। निविदकर्ताओं नए मेला मैदान स्थल व नदी में निर्मित होने वाले संत समागम कि तैयारियों का पूर्णतः अवगत कराया गया। जिसमें कलेक्टर श्री बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ एवं मेला नोडल अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री पंकज डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा भेड़िया, एसडीएम राजिम श्री विशाल महाराणा, श्री एस. के. बर्मन, श्री रामेश्वर सिंह, श्री विप्लव घृतलहरे, सीएमओ राजिम श्री मनीष गायकवाड़ सहित 11 निविदाकर्ता शामिल हुए। कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि सभी निविदाकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले प्रस्तुतीकरण के पश्चात ही समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा। समिति के निर्णय के अनुरूप ही आगे की निविदा प्रक्रिया संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोजन की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

नरेंद्र ने कुरूद की माटी का मान बढ़ाया : ज्योति

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद विकासखंड ग्राम परखदा के राष्ट्रीय खिलाड़ी और स्वर्ण पदक विजेता नरेन्द्र कुमार का आज कुरूद नगर वासियों की ओर से साँधा चौक कुरूद में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर जी अपने पार्षदगणों के साथ एवं समाजिक कार्यकर्ताओं के साथ जोशीला स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कुरूद नगर एवं क्षेत्रवासियों के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है, हम सब सौभाग्यशाली है कि हमारे बच्चे बाल बैडमिंटन खेल जो कि नेपाल में आयोजित हुआ, उसमें नरेन्द्र कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर नगर, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन किये है। इस अवसर पर स्वागत कर बधाई देने वालों मे विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, पार्षदगण मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी सहित नगर एवं ग्राम परखंदा के नागरिकगण, स्कूल के बच्चे बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

आंदोलन | **प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम के निर्देश पर गरियाबंद में हुई बैठक, सभी ब्लॉकों में चरणबद्ध प्रदर्शन का निर्णय**

मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में जिलेभर में आंदोलन का ऐलान

■ **महिला कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न**

छुरा/ नवप्रदेश। जिला महिला कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक जिला गरियाबंद में आयोजित की गई। यह बैठक महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलोदेवी नेताम के दिशा-निर्देश पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मंजू ध्रुव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

बैठक में महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव श्रीमती श्रद्धा ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। साथ ही जिले के सभी ब्लॉकों से महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं अध्यक्ष बड़ी संख्या में शामिल हुए।

गरियाबंद ब्लॉक से श्रीमती सुरेखा नागेश, फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती हेमलता सिन्हा, देवभोग से श्रीमती दबयंती सोनी, गरियाबंद शहर अध्यक्ष श्रीमती सविता गिरी, राजिम से श्रीमती कमली साहू, श्रीमती सुमित्रा निराला, श्रीमती खिलेश्वरी ध्रुव, श्रीमती इंदु देवांगन, श्रीमती श्वेता चंद्राकर, श्रीमती प्रतिभा पटेल एवं श्रीमती विमला साहू की उपस्थिति रही।

बैठक में केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने की कोशिश को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। महिला कांग्रेस ने इसे महात्मा गांधी के विचारों, गरीबों के अधिकारों और ग्रामीण महिलाओं के सम्मान पर हमला बताया। जिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू ध्रुव ने कहा कि मनरेगा योजना से करोड़ों ग्रामीण परिवार, विशेषकर महिलाएं सीधे जुड़ी हैं। इस योजना का नाम बदलने का प्रयास गरीबों के इतिहास और संघर्ष को मिटाने की साजिश है। उन्होंने जिले के सभी ब्लॉकों में गांव-गांव तक विरोध प्रदर्शन और जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। प्रदेश सचिव श्रीमती श्रद्धा ठाकुर ने कहा कि महिला कांग्रेस इस मुद्दे को घर-घर तक पहुंचाएगी और शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से केंद्र सरकार की मंशा के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि महिला कांग्रेस के नेतृत्व में जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों एवं अंतिम गांवों तक चरणबद्ध आंदोलन, ज्ञापन सौंपने और विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति भी बनाई गई।

कांग्रेस नेता, सरपंच, उप सरपंच ने विधायक अजय के समक्ष ली बीजेपी की सदस्यता

सभी ने कहा राष्ट्रीय सेवा और जनसेवा ही राजनीतिक जीवन होता है

कुरूद/नवप्रदेश। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर कुरुद विधानसभा के एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संतोष साहू व सरपंच गंगाप्रसाद मिश्रा, उपसरपंच हरीश साहू ने विधायक अजय चन्द्राकर के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। पूर्व मंत्री ने उन्हें भगवा गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास विहिन एवं कच्चे मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधायुक्त पक्का आवास बनाने के लिए पात्र हितग्राहियों को 1 लाख 20 हजार रूपए एवं मनरेगा योजना से 90 मानव दिवस मजदूरी की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा जिले में विगत दो वर्ष में 40454 आवास निर्माण की स्वीकृति मिली। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30766 आवास स्वीकृत किए गए है। जिनमें से 23294 आवास पूर्ण कर लिया गया है तथा 7472 आवास प्रगतिरत है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 9688 आवास स्वीकृत किये गये है। जिसमें से 7026 हितग्राहियों को प्रथम किश्त प्रदाय किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में स्वीकृत हितग्राहियों के आवासों का समय-समय पर भूमि पूजन तथा पूर्ण हुए आवासों का हितग्राहियों के उपस्थिति में गृह प्रवेश कार्यक्रमों का आयोजन कर गृह प्रवेश कराया जा रहा है। जिले में नवाचार द्वारा एक दिवसीय अभियान का आयोजन करते हुए स्वीकृत हितग्राहियों को अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराने, निर्माणाधीन आवास को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

बिहान योजना से बदल रही जिंदगी, लखपति दीदी बनकर आगे बढ़ रहीं जिले की महिलाए

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की मदद से कबीरधाम जिले की महिलाएँ आज आत्मनिर्भर बन रही हैं। वे अब केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि काम करके परिवार की आमदनी भी बढ़ा रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रही बिहान योजना ने महिलाओं के जीवन में एक नई रोशनी लाई है। इसी योजना से जुड़कर कई महिलाएँ आज लखपति दीदी बन चुकी हैं। कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड की जय सतनाम स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती हेमिन रात्रे और श्रीमती मीना रात्रे इसकी अच्छी मिसाल हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और विभागीय सहायता मिली। इसके बाद उन्होंने मछली पालन को अपने रोजगार का साधन बनाया। एनआरएलएम के सहयोग से सामुदायिक तालाब में वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन शुरू किया गया। सही देखरेख और समय पर भोजन देने से मछली उत्पादन बढ़ा। इससे मछली बेचकर उन्हें नियमित और अच्छी आमदनी होने लगी। अब वे घर के खर्च आसानी से चला पा रही हैं और बचत भी कर रही हैं। आज ये महिलाएँ लखपति दीदी बनकर जिले की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। मछली पालन से मिली आय ने उनकी आर्थिक स्थिति ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और समाज में सम्मान भी बढ़ाया है।

नाली में गंदगी डालने पर नैवेद्य फैक्ट्री पर 10 हजार का जुर्माना

गुजराती मिष्ठान भंडार को एसटीपी लगाने का नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग ने स्वच्छता से जुड़ी जनशिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो खाद्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने औचक निरीक्षण कर शिकायतों की वस्तुस्थिति की जांच की।

निरीक्षण के दौरान नैवेद्य फैक्ट्री द्वारा नगर निगम की नालियों में कचरा डालकर नाली बाधित करने की शिकायत सही पाई गई। नालियों के जाम होने से क्षेत्र में गंदगी फैल रही थी। इस पर स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर फैक्ट्री संचालक पर तत्काल 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा स्वच्छता व्यवस्था तत्काल सुधारने के निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया गया।

इसी तरह जोन 4 क्षेत्र अंतर्गत गुजराती मिष्ठान भंडार के औचक निरीक्षण के दौरान वहां एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) नहीं पाया गया। इस पर खाद्य दुकान संचालक को मिनी एसटीपी निर्माण करने का नोटिस जारी किया गया और नियमों के उल्लंघन पर 5 हजार रुपये का ई-जुर्माना वसूला गया।

कार्रवाई के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर एवं मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक गिरिजेश तिवारी उपस्थित रहे।

आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना पंजीयन में प्रदेश में राजनांदगांव प्रथम

❑ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के इलाज के लिए सुरक्षा कवच

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं के उन्नयन हेतु निरंतर और प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। शासन की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन में राजनांदगांव जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी पात्र हितग्राहियों के घर-घर पहुँचकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का कार्य पूर्ण किया गया है। इस अभियान के माध्यम से कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया गया।

वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त नि:शुल्क उपचार लाभ

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त निःशुल्क उपचार प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इससे बुजुर्गों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं।

आयुष्मान कार्ड पंजीयन में भी प्रदेश में अग्रणी

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन का लक्ष्य 9 लाख 52 हजार 546 के विरुद्ध 9 लाख 37 हजार 461 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया है, जो कि 98.42 प्रतिशत उपलब्धि है। इस उपलब्धि के साथ आयुष्मान कार्ड पंजीयन में भी राजनांदगांव जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

आयुष्मान वय वंदना कार्ड में शत-प्रतिशत से अधिक उपलब्धि

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 100.20 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। इसके साथ ही राजनांदगांव जिला राज्य का सर्वप्रथम शत-प्रतिशत पंजीयन पूर्ण करने वाला जिला बन गया है। जिले में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 हजार 138 पात्र वरिष्ठ नागरिकों में से 25 हजार 88 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया है।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सुरक्षा कवच

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क, कैशलेस एवं पेपरलेस उपचार सार्वजनिक एवं निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना शासन की एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बीमा पहल है, जो सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करती है।

जिले की 221 ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव, रोजगार और आवास दिवस का हुआ आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में चावल महोत्सव एवं रोजगार दिवस के साथ-साथ आवास दिवस का 221 ग्राम पंचायतों में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, प्रकाश चंद्र तारम, प्रभारी परियोजना अधिकारी तथा प्रेमचंद देवांगन, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा विभिन्न ग्राम पंचायतों में उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया गया तथा पंचायत से संबंधित योजनाओं की जानकारी क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की जानकारी दी गई। योजनाओं से संबंधित विवरण क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराया गया, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी सरलता से प्राप्त हो सके। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के टोल-फ्री नंबर 1800-233-1290 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम के दौरान रोजगार दिवस अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण, आजीविका संवर्धन तथा विभिन्न योजनाओं के अभिसरण पर चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि आवास दिवस का मुख्य उद्देश्य जनजागरूकता, समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन है। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 90 दिवस की अकुशल श्रमिक मजदूरी का लाभ देते हुए आवास निर्माण समय-सीमा में पूर्ण कराने, निर्माण सामग्री संबंधी समस्याओं के समाधान, सामग्री बैंक की स्थापना तथा पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों को प्राथमिकता देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर शासन की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का आधुनिक स्वरूप है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। अब रोजगार के दिन 100 से बढ़ाकर 125 कर दिए गए हैं तथा मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। कार्य की मांग के बावजूद रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान भी किया गया है। इसके अतिरिक्त धान की खेती के पीक सीजन में 60 दिनों तक योजना को बंद रखने का प्रावधान किया गया है, जिससे खेती-किसानी और अधिक प्रभावशील हो सके। ग्रामीणों ने योजनाओं को अत्यंत लाभकारी बताते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। गांव में ही रोजगार उपलब्ध होने, समय पर भुगतान तथा बुनियादी ढांचे के विकास से पलायन रुकेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

ग्राम पंचायत हिरीडीही में सौर ऊर्जा मोटर पम्प एक वर्ष से बंद

ग्रामीणों ने कहा कि कभी-कभी बाहर से ग्रामीण टैंकर के सहारे पानी लाते है

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत हिरीडीही में सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी से जुड़ा मोटर पम्प बीते लगभग एक वर्ष से बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार सौर ऊर्जा संयंत्र से लगे बोर में मोटर पम्प बोर अंदर गिर जाने के बाद हिरीडीही मोहल्ले में जल आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। लाइन बंद होने की स्थिति में ग्रामीणों को मजबूरी वश पानी टैंकर के माध्यम से मंगाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी गंभीर समस्या के बावजूद सरपंच द्वारा अब तक केवल 3 से 4 बार ही गांव का दौरा किया गया है, जबकि स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। लंबे समय से पेयजल संकट बने रहने के कारण महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अब कुछ दिनों बाद गर्मी आने वाला है जिसमे ओर कापी परेशानी हो सकती है

इस संबंध में चंद्रिका नेताम, लच्छिन मरकाम, राधा नेताम, महेश्वरी नेताम, अमर चंद नेताम, कला बाई, विनंदी नेताम, संगीता नेताम, राजेश्वर नेताम, दिना नेताम सहित समस्त मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही वैकल्पिक स्थान पर नया बोर खनन कर मोटर पंप स्थापित किया जाए, ताकि नियमित जल आपूर्ति बहाल हो सके।

ग्रामीणों ने यह भी सुझाव दिया है कि पंचायत के पास स्थित कुएं की सफाई कर उसमें मोटर पम्प लगाया जाए, जिससे अस्थायी रूप से पानी टंकी में जल भरकर गांव को राहत दी जा सके। इसके साथ ही कुएं के ऊपर सुरक्षा के लिए मजबूत ढांचा (ढक्कन/आवरण) लगाए जाने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेकर पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने की अपील की है।

कलेक्टर ने की दामाखेड़ा मेले की तैयारियों समीक्षा

बलौदाबाज़ार/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आगामी 23 जनवरी से शुरू हो रहे सन्त समागम समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने मेले में आने वाले अतिथियों और श्रद्धालुओं के रहने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए जहाँ ,बिजली, पानी, शौचालय और स्नानागार का इंतज़ाम हो।इसके अलावा मेले में रोज़ाना आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर शौचालय और पेयजल में स्पॉट्स बनायें। उन्होंने मेला पहुँच मार्ग और मेला स्थल पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समुचित सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस ,होमगार्ड ,स्काउट्स, एनसीसी को भी व्यवस्था में शामिल करने के निर्देश दिए।

गातापार के मण्डला टोला जंगल में पुलिस की दबिश

- **ताश खेलते पांच जुआरियों से 1 लाख 74 हजार रू नगद सहित ढाई लाख का सामान जप्त**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जंगलो मे चल रहे ताश जुआं की खबर पर गातापार पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते मंडलाटोला के जंगल मे जमे फड़ पर छापामार कार्यवाही मे बड़ी कामयाबी हासिल करते 5 आदतन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाख 74 हजार रू नगद सहित मोबाइल और अन्य सामान जप्त किए है । सूचना के बाद मौके पर पहुँची गातापार पुलिस ने मंडलाटोला बांध किनारे दबिश देकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे 5 आरोपियो को रंगे हाथ गिरफ्तार किया । कुछ जुआरी पुलिस की दबिश के दौरान मौके से फरार होने मे सफल हो गए । मौके पर पकड़ाए 5 आरोपियों में दिलीप खत्री खैरागढ़ के पास से 42,100 रू नगद और मोबाइल, देवा राजपूत खैरागढ़ से 38,500 रू नगद और मोबाइल,कुंदन निर्मलकर रायपूर के पास 34 हजार 2 सौ और मोबाइल, मकसूदन खरे राजनांदगांव के पास से 33,400 रू और मोबाइल, नीलकंठ साहू भिलाई से 25,800रू मोबाइल सहित कुल 2 लाख 43 हजार रू की जप्ती की गई है । पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 3(2) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की है ।

पूर्व मंत्री ने जन्मदिन पर लिया मां बम्लेश्वरी का आशीर्वाद

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री धनेश पाटिला जन्मदिन के अवसर पर मां बम्लेश्वरी देवी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किये। इस दौरान पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला पीसीसी संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा ब्लाक अध्यक्ष द्वय विजय राज सिंह व सुरेश सिन्हा पूर्व नपाध्यक्ष धीरज मेश्राम व शिव निषाद रिम्मी भाटिया अनिल मेश्राम एडविन हैदर शिशुपाल भारती हरिश भंडारी जितेन्द्र सिंह भाटिया प्रमोद टेम्भुर्णीकर चुमन साहू संजीव गोमास्ता फिरंगी पटेल संजीव वशिष्ठ रवि तिवारी विष्णु लोधी दशरथ सोनी सुधीर शिंदे मतीन खान प्रकाश महानदी पंचराम चंदेल प्रजेश सहारे राजेंद्र वर्मा संजीव गुप्ता दिनेश साखरे सुरेन्द्र अम्बादे प्रशांत सहित बड़ी संख्या में समर्थक गण और सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जीरामजी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती, कार्य दिवस बढ़ने से बढ़ेगा रोजगार- प्रभारीमंत्री

खैरागढ़/नवप्रदेश। वाणिज्य , उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने जिला भाजपा कार्यालय मे आयोजित पत्रकार वार्ता मे जीरामजी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने वाली प्रमुख योजना बताते केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत के विजन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, किसान और मजदूर वर्ग सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। उन्होंने बताया कि हर घर बिजली, बैंक खाता, शौचालय और पक्का आवास जैसी योजनाओं से आमजन के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए वीबीजीरामजी योजना लागू की गई है, जिसके तहत पात्र हितग्राहियों को 125 दिनों का रोजगार और सात दिनों में मजदूरी भुगतान की गारंटी दी जाएगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात नहीं किया और केवल एक परिवार के नाम पर राजनीति करती रही है।

किसान नहीं चाहते तो नहीं खुलेगा सीमेंट प्लांट

प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने छुईखदान इलाके मे खुलने वाले सीमेंट प्लांट के खिलाफ जारी जनविरोध के सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री दोनों ही चाहते हैं कि देश और प्रदेश में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हों। उद्योगों की स्थापना से ही युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक क्षेत्र में उद्योग नहीं लगेंगे, तब तक स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना कठिन होगा। फैक्ट्री लगने से न सिर्फ रोजगार बढ़ेगा, बल्कि सडक़, बिजली, व्यापार और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी विकास होगा प्रभारी मंत्री ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे अनावश्यक विरोध न करें और विकास कार्यों में सहयोग करें।

मंत्री लखन लाल देवांगन ने बैठक में की योजनाओ की समीक्षा

खैरागढ़/नवप्रदेश। वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक ी हर्षिता स्वामी बघेल, जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, वनमंडलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री देवांगन ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुँचना चाहिए और इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनहित को सर्वोपरि रखने की अपील की।

'शांति ही शिव का स्वरूप': गिरी बापू

नगरी/नवप्रदेश। कर्णेश्वर महादेव मंदिर सिहावा में आयोजित शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस अंतरराष्ट्रीय कथावाचक गिरी बापू ने

शिव भक्ति, शांति और सनातन संस्कृति की महिमा पर गहन एवं भावपूर्ण प्रवचन दिया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। गिरी बापू ने कथा के दौरान कहा कि भगवान की कथा कहना और सुनना स्वयं में शांति का दान है। महाभारत, रामचरितमानस और पुराणों में यही भाव व्यक्त किया गया है कि कथा से मनुष्य के जीवन में सुख, दीर्घायु और मानसिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि जो महापुराणों की कथा कहते हैं, उनके प्रति शुभ भावना व्यक्त करना, उनका सम्मान करना सनातन परंपरा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पूछे कि कथा से क्या मिलता है, तो उत्तर है – शांति। महादेव की कथा सुनाने और सुनने से जीवन की अशांति दूर होती है। जिनको शांति चाहिए, उन्हें महादेव की साधना, प्रार्थना, भजन, दर्शन और स्मरण करना चाहिए। महादेव स्वयं अत्यंत शांत हैं और जो शांत होता है, वही दूसरों को शांति दे सकता है। गिरी बापू ने कहा कि मान-सम्मान के लिए किसी से कहना नहीं पड़ता, यदि जीवन में शांति और सद्गुण हों तो मान स्वतः प्राप्त होता है। शास्त्रों में अनेक गुणों की चर्चा है, परंतु यदि मनुष्य अपने जीवन में पांच गुण– शांति, संयम, करुणा, श्रद्धा और सत्य को धारण कर ले, तो जीवन सार्थक हो जाता है। उन्होंने भगवान विष्णु, नारद और तुलसीदास के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को शांति की आवश्यकता है और शांति का मार्ग भगवान शिव से होकर जाता है। इसलिए प्रत्येक परिस्थिति में– घर में, वन में, श्मशान में या किसी भी अवस्था में– 'नमः शिवाय' का स्मरण करना चाहिए।

शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिए लागू किए गए वीएसके ऐप को लेकर शिक्षकों में असंतोष

छुरा / नवप्रदेश। खुलकर सामने आ गया है। इस ऐप का शिक्षकों का कहना है कि वे शासन की मंशा के विरोध में नहीं हैं, लेकिन जिस तरीके से निजी मोबाइल पर इस ऐप के उपयोग के लिए दबाव बनाया जा रहा है, वह अनुचित और अस्वीकार्य है।

शासकीय शिक्षक संघ से शिक्षक सर्वेश कुमार शर्मा में बताया गया कि ड्रूस्य ऐप को डाउनलोड करने के दौरान लोकेशन, गैलरी और वीडियो जैसी संवेदनशील अनुमतियां मांगी जाती हैं। चूंकि यह ऐप शिक्षकों के निजी मोबाइल फोन में उपयोग किया जाना है, ऐसे में शिक्षकों की व्यक्तिगत जानकारी, जैसे बैंक डिटेल, आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य निजी डेटा की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। शिक्षकों ने आशंका जताई कि इस ऐप के माध्यम से निजता का उल्लंघन और साइबर फ्रॉड की संभावनाएं बढ़ सकती हैं।

आने वाले समय में सरकार द्वारा 1ह्यद्म ऐप डाउनलोड करने का दबाव बनाती है तो समस्त शिक्षक संघ एक मंच में आ कर छत्तीसगढ़ के शासकीय शिक्षक द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

आखिर कब तक शिक्षकों को ऑनलाइन काम से निजात मिले समझ से परे है पूरा समय कभी छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अत्यंत्र महत्वपूर्ण योजना का क्रियान्वयन शिक्षको द्वारा किया जा रहा है जिसमें माध्यम भोजन एंट्री विनोबा एप एंट्री छात्रवृत्ति एंट्री यू डाइस प्लस एक पेड़ मां के नाम महापुरुषों की जयंती दिवस का कार्यक्रम का फोटो अपलोड पुस्तक वितरण स्कैन परीक्षा पे चर्चा मन की बात सरस्वती सायकल योजना गणवेश वितरण ऑनलाइल जानकारी

तिमाही अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा ऑपलोड करना जाति निवास ऑनलाइन करवाना और बहुत से योजनाओं का संचालन करने के उपरांत मोंटीरिंग के लिए स्कूलों को मर्ज किया गया है उसके उपरांत एक और 1ह्यद्म ऐप का अतिरिक्त भार शिक्षकों पर दबाव डालना समझ से परे है।

विधायक चंद्राकर ने किया उद्यानिकी सूचना केन्द्र का भ्रमण

धमतरी/नवप्रदेश। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र धमतरी द्वारा ग्रामीण कृषि एवं उद्यानिकी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में रावे कार्यक्रम के अंतर्गत बी.एस.सी. उद्यानिकी चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम कातलबोड़ में रावे उद्यानिकी सूचना केन्द्र की स्थापना की गई है जो किसानों एवं ग्रामीणजनों के लिए ज्ञान और तकनीकी मार्गदर्शन का केन्द्र बनकर उभर रहा है।

विधायक श्री अजय चंद्राकर द्वारा उक्त उद्यानिकी सूचना केन्द्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने केन्द्र में विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उनके प्रयासों को अनुकरणीय बताया। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि इस प्रकार के सूचना केन्द्र ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यानिकी फसलों के विस्तार और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू को मातृशोक

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। मानिकचौरी में पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर

साहू की माता तीजा बाई साहू 92 वर्षीय का आज तड़के सुबह निधन हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र छबिराम साहू, चन्द्रशेखर साहू, चन्द्रिका प्रसाद, चिन्ता राम एवं दो पुत्री द्रौपदी साहू, तोषनी साहू सहित भरा-पूरा परिवार परिवार छोड़ गए गई। आज के अन्त्येष्टि कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, इन्द्र कुमार साहू विधायक अभनपुर, अशोक बजाज, प्रोफेसर घना राम साहू, पवन साहू, अनिल अग्रवाल, संतोष शुक्ला, कुलदीप साहू, ब्रह्मानंद साहू, डा मनीष साहू, भेखराम साहू, किशोर देवांगन सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग सम्मिलित हुए।

शासकीय स्कूल में ग्यारह बजे से तीन बजे तक छुट्टी

जब तक सड़क नहीं तब तक समय पर स्कूल नहीं खुलेंगे: एच एम टांन्डे

छुरा/ नवप्रदेश। गरियाबंद जिला के आदिवासी विकास खण्ड छुरा के शासकीय विभागों का कोई माई-बाप नहीं है सभी शासकीय कार्यालयों स्कूलों की हलात हाटल -ढाबा की तरह है।

शिक्षा विभाग के स्कूलों में शासनादेश का अनदेखी कर शिक्षक अपने अनुसार स्कूलों को संचालित करते हैं, शिक्षकों को छात्र छात्राओं की भविष्य की परवाह नहीं है, दूर दराज ग्रामीण स्कूलों में शिक्षक अपने सुविधा अनुसार ग्यारह बजे के बाद स्कुलो में पहुंचते हैं तीन बजे छुट्टी कर अपने शहरी निवास में पहुंचते हैं ताकि शासकीय शिक्षक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों के छुट्टी के समय पहुंच कर घर तक पहुंचा सके । छुरा ब्लाक मुख्यालय से छ किलोमीटर दूर डूमरडीह प्राथमिक स्कूल में शासन का नियम कानून नहीं चलता यहा तो सिर्फ पांच साल से एक शिक्षकीय शाला में संतोषी टान्डे का कानून चलता है।

स्कूलों में अभी छ माही परिक्षा चल रहा है , प्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों में सुबह दस बजे से चार बजे तक शाला संचालन होता है लेकिन डूमरडीह प्राथमिक स्कूल में शाला का अपना समय है ग्यारह बजे से तीन बजे तक । क्योंकि प्रधान पाठक संतोषी टान्डे का निवास छुरा ब्लाक मुख्यालय में है उनके अपने बच्चे हैं अपने बच्चे को तैयार करना स्कूल भेजना और घर का काम देखना इसके बाद ग्यारह बजे मुफ्त में शिक्षा पाने वाले गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल पहुच कर पांच कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाती है तीन बजे छुट्टी कर छुरा अपने बच्चे को लेने आ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि मेडम ग्यारह बारह बजे तक स्कूल आती है स्कूल में बैठकर मोबाइल चलातीं है तीन बजे छुट्टी कर वापस चली जाती है । जब जब मेडम को समय पर स्कूल खोलने के लिए कहा जाता है तो मेडम का एक ही जवाब होता है जब तक तुम्हारे गांव का सड़क पक्की नहीं बन जाता तब तक समय पर स्कूल नहीं पाऊंगी । मैं भी अकेली रहती हु मेरे भी बच्चे हैं उनका भविष्य मुझे देखना है समय पर आना छुट्टी देना संभव नहीं है मेरा तबादला करवा दो ।

शिक्षिका संतोषी टान्डे का चार दिनों से छुट्टी में होने के कारण व्यवस्था में अन्य शिक्षिका की ड्यूटी है अर्धवार्षिक परीक्षा लेने का । व्यवस्था में पदस्थ शिक्षिका भी ग्यारह बजे स्कूल आ रही है तीन बजे छुट्टी कर चली जाती है।

बच्चों ने अपने कापी दिखाया जिसमें किसी भी बच्चे की कापी जांचा नहीं गया है न हस्ताक्षर हैं। स्कूलों के बच्चों को अभी भी प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का चित्र वाला कापी दिया गया है स्कूल की तरफसे। बच्चे आज भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, शिक्षा मंत्री प्रेमसाय एवं पाठ्य-पुस्तक निगम का अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी को पढ़ रहे हैं ।

बीआरसी मार्कण्डेय ने बताया कि स्कूल का समय के बारे में बीईओ अच्छे से बता पाएंगे, बीईओ मतावले ने कहा कि मैं अभी रायपुर पेशी में हूं । शिक्षिका संतोषी टान्डे से उनका पक्ष जानने के लिए फ़ोन किया गया तो मोबाइल बंद बताया गया ।

न्यूज गैलरी

राम मंदिर में अध्ययनरत छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। यूको बैंक की मिड कॉर्पोरेट शाखा द्वारा बैंक के 84वें स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत श्री राम मंदिर में अध्ययनरत छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को मिष्ठान एवं स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया तथा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सहायक महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक श्री सौरभ प्रदीप प्रकाश एवं श्री लक्ष्मीकांत पाणिग्राही, आचार्य श्री हनुमंत कुमार द्विवेदी तथा श्री चंद्रप्रकाश जी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों द्वारा यूको बैंक की स्थापना, विकास यात्रा, सेवाओं एवं समाज के प्रति दायित्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने इस पहल के लिए बैंक प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी करने वाला प्रदेश का पहला जिला बना राजनांदगांव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 7 जनवरी की स्थिति में पूरे राज्य से केवल राजनांदगांव जिले द्वारा समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी करते हुए प्रदेश में पहला जिला बनने का गौरव प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत समर्थन मूल्य पर खरीफ में सोयाबीन, अरहर, उड़द तथा मूंग फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने हेतु राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए जिले में इस प्रकार के 15 उपार्जन केंद्र चिन्हित किए गए हैं। साथ ही समस्त उपज कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समितियों को उपार्जन केंद्र के रूप में अधिसूचित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा नाफेड के माध्यम से जिले में खरीफ दलहन तिलहन फसलों की खरीदी जा रही है। जिसके लिए समर्थन मूल्य पहले ही जारी किया जा चुका है। जिसके अनुसार सोयाबीन 5328 रुपये प्रति क्विंटल, मूंग 8768 रु, उड़द 7800 रु, अरहर 8000 रु प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। साथ ही उपार्जन सीमा भी निर्धारित किया गया है जिसके अनुसार सोयाबीन 5 क्विंटल प्रति एकड़ तथा उड़द, अरहर एवं मूंग तीन क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित किया गया है।

स्टेशनरी दुकान में नशे के लिए बेचा जा रहा था व्हाइटनर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्टेशनरी दुकान संचालक द्वारा नशे के उद्देश्य से नाबालिग बच्चों को नशे के उद्देश्य से डायल्यूटर्स एवं व्हाइटनर बेचे जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने संबंधित दुकान संचालक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक स्टेशनरी दुकान द्वारा नाबालिग बच्चों को नशे के उद्देश्य से डायल्यूटर्स एवं व्हाइटनर बेचे जाने की जानकारी प्राप्त हुई। सूचना को गंभीरता से देखते हुए एएसपी अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा मौके पर दबिश देकर दुकानदार को नाबालिगों को व्हाइटनर एवं डायल्यूटर्स बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। उक्त प्रकरण में प्रेमलाल देवांगन निवासी इंदिरापुर, संचालक देवांगन जनरल स्टोर के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। जिला पुलिस राजनांदगांव आमजन को यह स्पष्ट रूप से अवगत कराती है कि नाबालिगों को किसी भी प्रकार के नशीले अथवा दुरुपयोग योग्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

निजी मोबाइल एप से टीचर्स से उपस्थिति देने का निर्णय अव्यवहारिक

गंडई/पंडरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति वीकेएस एप के माध्यम से करने के निर्णय को अव्यवहारिक बताया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला के सी जी के जिला अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष छुईखदान बलदाऊ जंघेल ने राज्य शासन के निर्णय पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि उक्त एप में मेटा द्वारा निर्धारित शर्तों ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर डालने पर उक्त एप कार्य करेगा। शिक्षकों की निजी जानकारी संबंधित सेवा दाता कंपनी के पास होने से बहुत से शिक्षकों के साथ विगत दिनों में बहुत से फ्राड की घटनाएं हुई है जिसमें शिक्षकों के खाते से फर्जी तरीके से पैसा ट्रांसफर हो गया है।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का केंद्र सरकार पर तीखा हमला, बोले-

घमंड में डूबी भाजपा ने कमजोर की मनरेगा, पंचायतों से छीने अधिकार

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव सचिन पायलट शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। पायलट ने मनरेगा योजना को ÷व्यवस्थित तरीके से कमजोर और खत्म करने÷ का आरोप लगाते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण गरीबों के लिए सुरक्षा कवच थी, जिसे भाजपा सरकार ने धीरे-धीरे निष्क्रिय कर दिया है।

सचिन पायलट ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को 100 दिन का रोजगार मिलने की गारंटी थी, लेकिन आज हालात ऐसे बना दिए गए हैं कि यह योजना सिर्फ कागजों तक सिमटकर रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले मनरेगा की पूरी राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाती थी, लेकिन अब उस व्यवस्था को भी कमजोर कर दिया गया है। इससे गरीबों के रोजगार के अधिकार पर सीधा हमला हुआ है। पायलट ने कहा कि पहले मनरेगा के तहत कामों का चयन ग्राम पंचायतें करती थीं, जिससे स्थानीय जरूरतों के अनुसार रोजगार सृजित होता था। अब योजना को पूरी तरह केंद्रीकृत कर दिया गया है और फंड पर भी केंद्र का नियंत्रण हो गया है। इससे पंचायतें बेबस हो गई हैं और उनकी भूमिका केवल औपचारिक रह गई है।

भाजपा से पूछे सवाल: कांग्रेस प्रभारी ने भाजपा से सवाल करते हुए कहा कि अगर सरकार को मनरेगा में सुधार करना था तो मजदूरी दर बढ़ाई जाती, काम के दिन बढ़ाए जाते, लेकिन भाजपा ने तो योजना को ही खत्म करने का रास्ता चुना। उन्होंने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी इस योजना की मूल भावना और आत्मा को ही बदल दिया गया है। यह योजना सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि गरीबों की गरिमा और आत्मसम्मान से जुड़ी थी। पायलट ने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा नेताओं में घमंड आ गया है। उन्होंने कहा कि खंडित जनादेश के बावजूद सरकार अहंकार में डूबी हुई है, लेकिन देश की जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब देगी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी के मामलों पर भी पायलट ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा कानून-व्यवस्था की दुहाई देती है, लेकिन न्यायालय जैसी संवैधानिक संस्थाओं को धमकियां मिलना शासन की विफलता को दर्शाता है। आज मध्यम वर्ग, महिलाएं और कमजोर वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

जंबूरी विवाद पर क्या बोले?

जंबूरी 2026 विवाद पर पायलट ने कहा कि यह जनता के पैसे का सवाल है। बिना टेंडर के काम कराना भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। सरकार को अहंकार छोड़कर निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। इस दौरान पायलट ने संगठनात्मक मजबूती पर भी जोर दिया और कहा कि छत्तीसगढ़ में जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग जल्द कराई जाएगी। रायपुर दौरे के दौरान वे मनरेगा आंदोलन की समीक्षा और संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लेंगे। उनका यह दौरा कांग्रेस की आक्रामक रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

नववर्ष में अम्बेडकर अस्पताल का नव कीर्तिमान

वाल्व प्रत्यारोपण के दौरान बंद हुई हृदय की नसें, स्टेंट से 'चिमनी' बनाकर बचाई मरीज की जान

■ कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीवास्तव एवं टीम ने अल्ट्राथिन (अत्यंत पतले) डिलीवरी सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए स्टेंट लगाकर बनाई 'चिमनी' संरचना

रायपुर/नवप्रदेश। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के एडवांस्ड कार्डियक इंस्टिट्यूट ने नववर्ष 2026 की शुरुआत एक ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ की है। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. विवेक चौधरी ने बताया कि वर्ष 2025 में कार्डियोलॉजी विभाग द्वारा 2600 से अधिक जटिल हृदय प्रक्रियाएँ सफलतापूर्वक की गईं। वर्ष 2009 में मात्र 41 मामलों से शुरू हुआ यह विभाग आज प्रतिवर्ष 2000 से अधिक उन्नत कार्डियक प्रक्रियाओं को अंजाम दे रहा है।

कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि नए वर्ष में विभाग ने एक अत्यंत जटिल ट्रांसकैथेटर ऑर्टिक वाल्व प्रत्यारोपण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपादित किया। रायपुर निवासी एक बुजुर्ग महिला लंबे समय से सांस फूलने एवं हार्ट फेलियर से पीड़ित थीं। जांच में सामने आया कि उनका ऑर्टिक वाल्व पूरी तरह कैल्शियम से कठोर हो चुका था, जिसके कारण हृदय की पंपिंग क्षमता मात्र 20 प्रतिशत रह गई थी।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार, इस अवस्था में ओपन हार्ट सर्जरी अत्यंत जोखिमपूर्ण एवं लगभग असंभव थी। ऐसे में डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्डियोलॉजी विभाग की टीम और कार्डियक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में संयुक्त रूप से 'हार्ट टीम' का गठन कर बिना चीर-फाड़ के पैर की नस के माध्यम से वाल्व प्रत्यारोपण का निर्णय लिया गया।

प्रक्रिया की तैयारी एक माह पूर्व विशेष सीटी स्कैन विश्लेषण एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत वित्तीय स्वीकृति के साथ शुरू हुई। जांच में यह भी पाया गया कि मरीज की पैर की नसें पतली एवं कैल्शियम युक्त थीं, जिससे वाल्व डिलीवरी सिस्टम को हृदय तक पहुँचाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। साथ ही, जन्मजात संरचनात्मक विसंगति के कारण हृदय की कोरोनरी धमनियाँ वाल्व के काफी समीप थीं, जिससे वाल्व प्रत्यारोपण के दौरान दोनों धमनियों के बंद होने का गंभीर खतरा था। इस जटिलता से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने दोनों कोरोनरी धमनियों में स्टेंट डालकर उनके और वाल्व के बीच 'चिमनी' संरचना तैयार की। प्रक्रिया के अंतिम चरण में वाल्व डिलीवरी के दौरान बाएं पैर की नस में ब्लॉकेज उत्पन्न हो गया, जिसे दाहिने पैर के रास्ते तत्काल बलून एंजियोप्लास्टी कर रक्त प्रवाह पुनः स्थापित किया गया।

लगभग चार घंटे चली इस जटिल प्रक्रिया के पश्चात ऑपरेशन टेबल पर ही मरीज के ऑर्टिक वाल्व का प्रेशर 80 से घटकर शून्य हो गया और हृदय की पंपिंग क्षमता 20 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गई। दोनों कोरोनरी धमनियों में रक्त प्रवाह सामान्य रहा तथा हृदय की धड़कन पूरी तरह स्थिर रही।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में शीतलहर एवं ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुर्रे ने बताया कि जिले का तापमान दिन के समय 24 सेल्सियस से कम और रात में 10 सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में ठंडी हवाओं का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। डॉ. तुर्रे ने बताया कि शीतलहर का सबसे अधिक प्रभाव बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों एवं उच्च रक्तचाप वाले मरीजों पर पड़ता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ने से हृदय पर दबाव बढ़ जाता है, जिससे हृदयघात, ब्रेन स्ट्रोक और अनियमित धड़कन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति में अत्यधिक ठिठुरन, शरीर अकड़ना, उंगलियों का पीला या सफेद होना, सुन्नपन जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें।

30 वर्ष तक के विचाराधीन बंदियों को स्ट्रीट फूड बनाने का प्रशिक्षण

■ छत्तीसगढ़ के युवा बंदियों को अपराध से दूर करने नई पहल, जल्द होगी लागू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में युवा बंदियों को अपराध की दुनिया से दूर कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जेल मुख्यालय ने एक नई योजना तैयार की है। इस योजना के तहत प्रदेश की जेलों में बंद 30 वर्ष तक की आयु के विचाराधीन बंदियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाएगा। खास तौर पर कम लागत में शुरू होने वाले स्ट्रीट फूड व्यवसाय के लिए उन्हें मोमोस, चाउमिन, पकोड़े जैसे फास्ट फूड तैयार करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। योजना को जल्द ही औपचारिक रूप से लागू कर पूरे प्रदेश की जेलों में विस्तार किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, इस योजना की अनौपचारिक शुरुआत रायपुर सेंट्रल जेल से हो चुकी है। स्ट्रीट फूड का व्यवसाय कम पूंजी में शुरू किया जा सकता है और इसका प्रशिक्षण 15 दिन से एक महीने के भीतर दिया जा सकता है। इसी कारण ऐसे विचाराधीन बंदियों को योजना में शामिल किया गया है, जो तीन-चार महीने में जमानत पर रिहा हो जाते हैं। रायपुर संभाग की जेलों में ही लगभग दो हजार युवा विचाराधीन बंदी हैं, जबकि पूरे प्रदेश में करीब पांच हजार बंदियों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

रोजगार देना उद्देश्य

डीजी जेल हिमांशु गुप्ता ने बताया कि जेल प्रशासन का प्रयास है कि बंदी जेल से बाहर निकलने के बाद दोबारा अपराध की ओर न लौटें। जमानत पर रिहा होने के बाद उनकी सबसे बड़ी जरूरत रोजगार होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह योजना बनाई गई है, ताकि जेल से बाहर निकलते समय उनके पास आजीविका का साधन मौजूद हो। उन्होंने बताया कि बंदियों के कल्याण के लिए पहले से भी कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

छापों के बावजूद नहीं थम रहा नकली पनीर का कारोबार

केएलपी डेयरी से 1700 किलो नकली पनीर जब्त, कीमत करीब 4.76 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की सख्ती के बावजूद राजधानी रायपुर में नकली पनीर का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कारोबारी शहर के आउटर क्षेत्रों में गोदाम बनाकर बेखौफ नकली पनीर तैयार कर रहे हैं और इसे शहर में खुलेआम खपाया जा रहा है। बुधवार को एफडीए की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भाठागांव स्थित एक गोदाम में छापा मारकर 1700 किलो नकली पनीर जब्त किया है। बाजार में इसकी कीमत करीब 4.76 लाख रुपये आंकी गई है।

जानकारी के अनुसार, विभाग को सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 64 भाठागांव क्षेत्र में स्थित केएलपी डेयरी एवं मिल्क प्रोडक्ट में बड़ी मात्रा में नकली पनीर बनाया जा रहा है। सूचना के आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। निरीक्षण के दौरान वहां लूज पनीर तैयार करते हुए पाया गया। टीम ने पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। साथ ही मौके से 1700 किलोग्राम पनीर को जब्त कर लिया गया। अधिकारियों का कहना है कि लैब रिपोर्ट आने के बाद संबंधित डेयरी संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लगातार जारी है कार्रवाई

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग का दावा है कि नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2025 में जिले की बड़ी दुकानों और डेयरियों में जांच कर मिलावटी मिठाई, पनीर और खोवा बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। पिछले एक साल में 35 स्थानों से पनीर के सैंपल लिए गए, जिनमें से अमानक पाए जाने पर करीब 9700 किलोग्राम एनालॉग पनीर, पनीर और खोवा जब्त कर नष्ट किया गया।

बीजापुर में जिला स्तरीय अधिकारियों से नियद नेल्ला नार योजना की ली जानकारी

नए ऊर्जा और नई रणनीति के साथ बीजापुर के विकास में जुटें अधिकारी: शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा बीजापुर के अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान बुधवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ नियद नेल्ला नार योजनान्तर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागवार योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक सशस्त्र माओवाद का पूरी तरह उन्मूलन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके बाद बस्तर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास का नया अध्याय शुरू होगा।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि माओवाद के समूल उन्मूलन के बाद लोगों में विश्वास जगाना और विकास कार्यों में तीव्रता लाना आवश्यक होगा। अब समय बहुत कम है, इसलिए शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन नई ऊर्जा, नई रणनीति और जनकल्याण की भावना के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बीजापुर के सुदूर अंचलों में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं से प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ा जाएगा। जिले के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं सुगमता से पहुंचेंगी, जिसमें जिला, विकासखण्ड और मैदानी अमले के अधिकारी-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि माओवाद मुक्त ग्राम पंचायतों को विशेष परियोजना के तहत 'इलवद पंचायत' के रूप में एक करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी जाएगी। इसके साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी 'नियद नेल्ला नार' योजना के अंतर्गत जिले के 201 गांवों को शामिल किया गया है, जहां शासकीय योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्तता और प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया जा रहा है। बैठक में एडीजी नक्सल ऑपरेशन श्री विवेकानंद सिन्हा ने कहा कि बीजापुर में अब शांति और सुरक्षा की स्थिति सुदृढ़ हो रही है, जिससे शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पहले की तुलना में अधिक सुगमता आई है। उन्होंने कहा कि पहले और आज के बीजापुर में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है।

पंचायत विभाग के सचिव श्री भीम सिंह ने बताया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का निराकरण लगातार किया जा रहा है और बस्तर संभाग का विकास शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए बीजापुर के समग्र विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा, बस्तर कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी, संचालक श्री अश्विनी देवांगन, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएफओ श्री रंगानाथन रामाकृष्णन, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता चौबे सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com